वर्ष-32, अंक- 143, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्णा पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
10 मार्च 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## कैसरे हिंद की जमीन पर बनी दुकानों में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई : सुदिव्य

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 9 वें दिन सोमवार को नगर विकास, पर्यटन, पथ और उच्च शिक्षा विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार समावेशी बजट तैयार किया है। सदन में विपक्ष के कटौती प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए मंत्री ने कहा कि कैसरे हिंद की सरकारी जमीन है। यहां पर दुकानें नहीं बन सकती। यदि कैसरे हिंद की जमीन पर आवंटित दुकानों में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में पथ निर्माण विभाग ने 88.89 प्रतिशत, नगर विकास विभाग ने 83 प्रतिशत, उच्च शिक्षा विभाग ने 54.27 प्रतिशत, भवन निर्माण विभाग ने 85.46 प्रतिशत और पर्यटन, खेलकूद, कला-संस्कृति विभाग ने लगभग 63 प्रतिशत बजट राशि खर्च कर ली है। उन्होंने कहा कि केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास ही नहीं, बल्कि लोगों के पेट में अनाज होना भी उतना ही जरूरी है। यह बजट झारखंड के सपनों को नई उड़ान देने वाला है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने तो स्कूल बंद करने का काम किया था। लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार का शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत चीजों पर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि नेतरहाट जैसा बेहतर स्कूल को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें प्रवेश परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की गुणवत्ता का मुकाबला निजी स्कूल भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर 1.33 प्रतिशत और माध्यमिक स्तर पर 3.49 प्रतिशत रह गई है। मंत्री ने बताया कि राज्य के लगभग 34 हजार स्कूलों के लिए बजट का 12 प्रतिशत खर्च किया जा रहा है।

शेष पेज 11 पर...

### आईएएस-आईपीएस की ऑडियो रिकॉर्डिंग पर सरकार ने दिया जांच का आश्वासन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को दो शीर्ष अधिकारियों (आईएएस और आईपीएस) के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। शेष पेज 11 पर...

## सीएम ने राज्यपाल को विकास योजनाओं से कराया अवगत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस तथा यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख नीतियों तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए, जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

### एक नजर

#### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 12 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक विधानसभा के बजट सत्र की दूसरी पाली के बाद होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। यह जानकारी सोमवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

#### पांच रुपये के पुराने नोट के बदले 40 लाख का झांसा मजदूर से साइबर ठगी

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी एक मजदूर साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर अपराधियों ने 5 रुपये के पुराने नोट के बदले 40 लाख रुपये दिलाने का लालच देकर उससे करीब 25 हजार रुपये ठग लिए। भुक्तभोगी राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि वह मोबाइल पर वीडियो देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें ट्रैक्टर की तस्वीर वाले 5 रुपये के पुराने नोट के बदले 20 लाख रुपये देने का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उनकी बात मनोज कुमार नामक व्यक्ति से हुई। उसने बताया कि 5 रुपये के एक पुराने नोट के बदले 20 लाख रुपये मिलेंगे। शेष पेज 11 पर...

#### दवाओं की ओवरप्राइसिंग पर सख्ती

**रांची।** दवाओं की तय कीमत से अधिक वसूली करने वाली फार्मा कंपनियों पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। आम उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार की नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) ने 'फार्मा सही दाम' मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप की मदद से कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन पर दवा की वास्तविक सरकारी कीमत तुरंत जांच सकता है। झारखंड में इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट (जेपीएमआरयू) ने अभियान तेज कर दिया है। जेपीएमआरयू की मार्केट सर्वे रिपोर्ट में करीब 600 दवाओं में ओवरप्राइसिंग के मामले सामने आए हैं। इन सभी मामलों की रिपोर्ट एनपीपीए को भेज दी गई है, ताकि संबंधित कंपनियों पर कार्रवाई की जा सके। सोमवार को रांची के आईपीएच सभागार में "द ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 एवं फार्मा सही दाम ऐप" विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यशाला में यह जानकारी दी गई।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण का उत्सव बना राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला

## महिलाओं के बनाए उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ना सरकार का लक्ष्य : मंत्री

- मेले में सरकारी विभागों को स्टॉल लगाए गए हैं

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह की उपस्थिति में मोरहाबादी मैदान में राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला 2026 का उद्घाटन किया गया। यह मेला राज्य के कारीगरों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें व्यापक बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, बुनकर, कारीगर तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएँ उपस्थित रहीं। मेले में देशभर से आए कारीगरों और उद्यमियों के 650 स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ खादी, हस्तकरघा, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है। यह सरस मेला आगामी 20 दिनों तक चलेगा, जिससे लोगों को देश के विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति और शिल्प परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कुछ विदेशी स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ खादी और हस्तकला से जुड़े उत्पादों के साथ ग्रामीण उद्योगों की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले के दौरान पारंपरिक लोक नृत्य, गायन व वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका, आधुनिक फोक गायन तथा बैंड की प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी, जो मेले को सांस्कृतिक रूप से और भी जीवंत बनाएगी।

शेष पेज 11 पर...



### मेले में देश के कोने-कोने से बुनकर और उद्यमी पहुंचे हैं

इस मेले में देश के कोने-कोने से बुनकर और उद्यमी आए हैं, लेकिन इसका मुख्य आकर्षण जेएसएलपीएस से जुड़ी हमारी सखी मंडल की बहनें हैं। यहाँ लगे 110 स्टॉल इन्हीं बहनों के हैं, जो अपने उत्पादों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध परंपरा, कला और उद्यमिता की पहचान को सामने रख रही हैं। आज ये बहनें केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं कर रहीं, बल्कि झारखंड की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा रही हैं। सरकार का संकल्प है कि इन महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण, बाजार, तकनीक और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका उद्यम और अधिक सशक्त हो और झारखंड महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरे।

### रजरप्पा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मारपीट मामले में कार्रवाई

## 4 जैप जवान और 1 होमगार्ड निलंबित



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर में 8 मार्च को जमशेदपुर से आए श्रद्धालुओं और पुलिस कर्मियों में हुई हाथापाई को लेकर एसपी अजय कुमार ने चार पुलिस कर्मियों आरक्षी श्याम लाल महतो, आरक्षी राधेश्याम कुजूर , आरक्षी बहादुर उरांव व आरक्षी जॉनसन सुरीन को त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया। वहीं होमगार्ड जवान सिकंदर यादव को कार्य से विमुक्त कर दिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रजरप्पा मंदिर में 8 मार्च को जमशेदपुर से पूजा अर्चना करने आए श्रद्धालु ने निकास द्वार से पूजा के लिए मंदिर में प्रवेश की कोशिश की। जिसपर वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे रोका। जिसमें श्रद्धालु और पुलिस कर्मियों ने नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ा की दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मामले को एसपी अजय कुमार ने गंभीरता से लिया और पुलिस उपाधीक्षक त्रमुत्नसह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ को मामले की जांच की जिम्मेवारी सौंपी। जिसके बाद उन्होंने एसपी को विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपा।

एसपी पहुंचे छिन्नमस्तिके मंदिर : एसपी अजय कुमार मंदिर प्रक्षेत्र पहुंचे । वहां पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को हिदायत दी गई है कि मंदिर में पूजा के लिए आनेवाले श्रद्धालुओं से उचित व्यवहार किया जाए। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील किया कि मंदिर में आने के बाद वहां की विधि व्यवस्था का पालन कर पूजा अर्चना करें और पुलिस को सहयोग दें। एसपी ने कहा कि पुलिस और श्रद्धालु दोनो एक दूसरे का सहयोग करें ताकि मंदिर में विधि व्यवस्था कायम रखने में मदद मिले। इधर, डीजीपी ने भी मामले पर संज्ञान लिया है। वहीं दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात कही है।

## कोयला लदे हाइवा में लगी आग, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के जर्री चौक के पास सोमवार देर शाम को कोयला लदे एक हाईवा वाहन में अचानक आग लग जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा मगध माइंस से कोयला लेकर बालूमाथ कोयला साइडिंग की ओर जा रही थी। इसी दौरान जर्री ओवरब्रिज से कुछ ही दूरी पर वाहन में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग लगने से हाईवा का एक टायर फट गया, जिससे वाहन को आंशिक क्षति पहुंची है। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि घटनास्थल से किसी प्रकार का पर्चा या गोली का खोखा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का बदला नियम

## अब 25 दिन से पहले नहीं मिलेगी दूसरी रिफिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वैश्विक अस्थिरता के समय में दुनिया में बढ़ती प्राकृतिक गैस की कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए एलपीजी सिलेंडर बुकिंग की अवधि को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया। इसकी वजह जमाखोरी को रोकना है। अमेरिका, इजरायल- ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच बाजार में घबराहट में खरीदारी के संकेत मिलने के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है। शेष पेज 11 पर...

### होली में सप्लाई चेन हुआ था बाधित, गैस की कमी नहीं

**रांची।** रांची में होली के कारण सप्लाई चेन में अस्थायी व्यवधान आने से घरेलू रसोई गैस वितरण प्रभावित हुआ था। वर्तमान में स्थिति सामान्य है और गैस की कोई कमी नहीं है। जिला प्रशासन के साथ सोमवार को तेल कंपनियों के साथ हुई बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे नियमित 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर की बुकिंग कम से कम 25 दिन पहले कर लें। बुकिंग के बाद दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कमी से जुड़ी खबरों पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने संज्ञान लिया था। उपायुक्त के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत की अध्यक्षता में सोमवार को ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई थी। शेष पेज 11 पर...

### भारत की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा के लक्ष्य को भी मिलेगी मदद

## भारत यूरोपीय संघ के लिए बना एक अहम रणनीतिक साझेदार : रिपोर्ट




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के जर्मनी और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ संबंध अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि वे रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हो गए हैं, जिसमें अर्थव्यवस्था, तकनीक और इंडो-पैसिफिक (हिंद प्रशांत) क्षेत्र की स्थिरता जैसे मुद्दे भी शामिल हो गए हैं। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, हाल के वर्षों में जर्मनी, फ्रांस, इटली, फिनलैंड और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ उच्च स्तरीय बैठकों और नए समझौतों ने यूरोप को भारत के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के बाद दूसरा बड़ा रणनीतिक क्षेत्र बना दिया है।

पहले भारत और यूरोप के रिश्ते मुख्य रूप से व्यापार, सहायता और प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों तक सीमित थे, लेकिन अब यह संबंध तकनीकी सप्लाई चेन, रक्षा उत्पादन, स्वच्छ ऊर्जा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संयुक्त सहयोग तक फैल गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में ब्रसेल्स ने भारत को वैश्विक स्थिरता बनाए रखने वाला महत्वपूर्ण देश और 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज के रूप में देखना शुरू किया है। इसका उदाहरण फरवरी 2025 में यूरोपीय आयोग के आयुक्तों के समूह का भारत दौरा है, जो पहली बार हुआ था। इसके साथ ही यूरोप के कई बड़े देशों ने भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत किया है। फ्रांस ने भारत के साथ अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा दिया है। वहीं जर्मनी भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।

इटली ने 2025 से 2029 के लिए संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना जारी की है, जबकि फिनलैंड ने 2026 की शुरुआत में उच्च स्तर की बैठकों के जरिए भारत के साथ अपने संबंध और मजबूत किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इससे एक ऐसा ढांचा तैयार हो रहा है जिसमें यूरोपीय संघ के स्तर पर व्यापार, डिजिटल और कनेक्टिविटी सहयोग और सदस्य देशों के स्तर पर रक्षा, उद्योग और तकनीकी सहयोग शामिल हैं। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि और सुरक्षा के लक्ष्य को भी मदद मिलती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जर्मनी और भारत के संबंध पहले से आर्थिक सहयोग पर आधारित थे, लेकिन अब यह साझेदारी रणनीतिक उद्योग और हरित ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में बढ़ रही है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के जनवरी 2026 में भारत दौरे को इस बात का संकेत माना गया कि जर्मनी अब भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक प्रमुख साझेदार के रूप में देखता है, न कि केवल एक उभरते हुए बाजार के रूप में। भारत के लिए जर्मनी की पूंजी और तकनीक चीन पर निर्भर सप्लाई चेन के जोखिम को कम करने और देश में मैन्युफैक्चरिंग तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। वहीं, जर्मनी के लिए भारत एक बड़ा बाजार है और इससे चीन पर अधिक निर्भरता कम करने का विकल्प भी मिलता है। इसके साथ ही यह जर्मनी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपनी रणनीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण साझेदार भी प्रदान करता है।

### स्मार्ट सिटी के पास पेड़ से लटका मिला सेना के जवान का शव

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के पास सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक पेड़ से लटका युवक का शव बरामद हुआ। बाद में मृतक की पहचान सेना के जवान अमन यादव के रूप में हुई है, जो जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास के निवासी थे। अमन यादव भारतीय सेना में तैनात थे और फिलहाल दिल्ली में उनकी पोस्टिंग थी। सोमवार सुबह स्थानीय लोग जब स्मार्ट सिटी इलाके की ओर से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क किनारे एक पेड़ से लटके युवक के शव पर पड़ी। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना धुर्वा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया और घटनास्थल की जांच की।

### छह माह से मानदेय नहीं मिलने पर मनरेगा कर्मियों में है भारी रोष

# लंबित मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने लंबित मांगों और छह माह से बकाया मानदेय के भुगतान को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के दौरान कर्मी प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए।

मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता ने बताया कि यदि तीन दिनों के भीतर सरकार उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती है तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि छह महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। इसके बावजूद सरकार इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा बीमा, सेवा स्थायीकरण समेत अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की।

धरना में कंप्यूटर सहायक उपेंद्र पासवान, ग्राम रोजगार सेवक अजीत कुमार पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, संजय बैठा, नरेंद्र बैठा, नजमा खातून सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में भी मनरेगा कर्मियों ने शुरू की हड़ताल




**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर हुसैनाबाद प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी। प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना देते हुए संघ के अध्यक्ष विजय राम ने कहा कि कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमेटी के निर्णय के अनुसार 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की गई तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। धरना कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार, उमेश कुमार चौधरी, छटू पासवान, बिनोद कुमार, मोती लाल यादव, अरुण कुमार, मो. सफीर आलम, नवाज अहमद, मनीष कुमार, प्रिया कुमारी, बीरेंद्र कुमार सहित कई रोजगार सेवक मौजूद थे।

# हुसैनाबाद मध्य विद्यालय समेत 11 स्कूलों को मिला पीएम श्री का दर्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

● अजाप्टा ने जताई खुशी, कहा- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद सहित अनुमंडल क्षेत्र के 11 विद्यालयों को पीएम श्री योजना के तहत चयनित किए जाने पर शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है। अजाप्टा पलामू के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सुरेंद्र प्रसाद, हुसैनाबाद अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार और कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम सहित कई शिक्षकों ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद और शिक्षिका सुषमा पांडेय ने कहा कि इस योजना से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि पीएम श्री योजना भारत सरकार की केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसके तहत 2022 से 2027 के बीच देशभर के 14,500 से अधिक सरकारी विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक आधारभूत संरचना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था विकसित की जाएगी।

### झरहा डिग्री कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर-1 की परीक्षा शांतिपूर्ण

# 1070 में 55 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, टीम ने किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झरहा डिग्री कॉलेज हुसैनाबाद में सोमवार को स्नातक सेमेस्टर-1 की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा का औचक निरीक्षण नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की तीन सदस्यीय टीम ने किया। जीओलॉजी विषय की परीक्षा में कुल 1070 परीक्षार्थियों में से 55 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। निरीक्षण टीम में डॉ. एस.के. पांडेय, डॉ. मनोरमा सिंह और शशांक प्रिय शामिल थे।



निरीक्षण के दौरान टीम ने परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन दिया और परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम कुमार प्रसाद ने परीक्षा के दौरान मेडिकल टीम, सुरक्षा व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था की थी। परीक्षा में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सीताराम कुमार सहित कई वीक्षक उपस्थित रहे, जिनमें पंचम कुमार सिंह, अनिल कुमार पासवान, अनिल कुमार सिंह, कबिंद्र कुमार पासवान, राजेश कुमार, मो. इरफान, पप्पू पासवान, गोविंदा प्रसाद सिंह, बसंत राम, रवि आनंद, ओमप्रकाश सिंह और अरुण प्रताप सिंह शामिल थे।

## अवैध पत्थर उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड में अवैध पत्थर उत्खनन के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पलामू जिला प्रवक्ता चंदन प्रकाश सिन्हा ने अंचल अधिकारी आशीष कुमार साहू को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि हाल ही में वाहन जांच के दौरान अंचल अधिकारी ने बिना चालान के पत्थर ले जा रहे एक हाईवा को पकड़ा है। उन्होंने कहा कि केवल वाहन पकड़ने और चालक पर कार्रवाई करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि हाईवा मालिक और संबंधित पत्थर खदान संचालक पर भी एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि छतरपुर क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है और कई पहाड़ समाप्त हो चुके हैं।

### रामनवमी महायज्ञ को लेकर संकट मोचन मंदिर में बैठक

# सुदर्शन सोनी बने आयोजन समिति के अध्यक्ष, अरविंद डिसिल्वा उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** आगामी रामनवमी महायज्ञ को भव्य और सफल बनाने को लेकर रविवार को संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद सोनी ने की, जिसमें श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें सुदर्शन सोनी को अध्यक्ष, अरविंद डिसिल्वा को उपाध्यक्ष, अभिषेक गुप्ता को सचिव, राजेश गुप्ता को उपसचिव,



शंकर बैठा को कोषाध्यक्ष तथा राजू राय को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर की साफ-सफाई, आकर्षक सजावट, हवन-पूजन, प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुदर्शन सोनी ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा और इसे पूरी भव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

# पांकी में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी, आधुनिक खेती की दी जानकारी

### प्रमुख पंचम प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी (पलामू)।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में सोमवार को पांकी प्रखंड परिसर में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि के बिना देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि



सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है। किसान मेलों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण और नई तकनीकों की जानकारी मिलती है, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो पाता है। उप प्रमुख अमित चौहान ने कहा कि किसान कृषि के साथ-साथ पशुपालन, डेयरी और सहकारिता को अपनाकर यू अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए कई अनुदान आधारित योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रेम प्रसाद ने कहा कि किसान मेला ग्रामीण किसानों के लिए महत्वपूर्ण मंच है, जहां उन्हें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। मेले में कृषि विभाग की ओर से कई स्टॉल लगाए गए थे, जहां उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल संरक्षण, आधुनिक कृषि यंत्र, पशुपालन एवं डेयरी विकास से संबंधित जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल चक्र अपनाने और कम लागत में अधिक उत्पादन के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। मेले में सैकड़ों किसानों ने स्टॉलों का अवलोकन कर विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं पर चर्चा की और समाधान प्राप्त किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, कृषि विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद को लेकर सियासी हलचल तेज

● राजकुमार कश्यप और अनवर आलम प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद हुसैनाबाद नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को पार्षदों की बैठक में मतदान और शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

उपाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा नहीं बल्कि निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा किया जाएगा। नगर पंचायत के 16 वार्ड पार्षदों के बीच समर्थन जुटाने को लेकर संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है।





फिलहाल इस पद के लिए वार्ड पार्षद राजकुमार कश्यप और अनवर आलम का नाम प्रमुख दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। दोनों ही पार्षद अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

दिलचस्प बात यह है कि नगर पंचायत के 16 वार्डों में से 9 वार्ड पार्षद महिलाएं हैं, लेकिन अब तक उपाध्यक्ष पद के लिए किसी महिला प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया है। ऐसे में राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि अंतिम समय में किसी महिला पार्षद की दावेदारी सामने आती है तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

स्थानीय राजनीतिक जानकारों के अनुसार उपाध्यक्ष का चुनाव पूरी तरह पार्षदों के समर्थन और आपसी समीकरणों पर निर्भर करेगा। अब सभी की नजरें 17 मार्च को होने वाले मतदान पर टिकी हुई हैं।

## नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी पवन चौधरी जेएमएम में शामिल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी पवन चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें जेएमएम किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो लगातार गरीब, आदिवासी, दलित और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं का पार्टी में जुड़ना संगठन की मजबूती का संकेत है। बाद में मेदिनीनगर में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भी पवन चौधरी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने नए सदस्यों से संगठन को मजबूत करने और जनता की सेवा में सक्रिय रहने की अपील की। इस अवसर पर जेएमएम नेता विनोद कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एके सिंह कॉलेज जपला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

# एनएसएस के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता, छात्राओं ने रखे विचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने महिलाओं की प्रगति में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में पूजा कुमारी, राजनंदनी कुमारी, रागनी कुमारी, पुष्पा कुमारी, पम्मी कुमारी और रिंकी कुमारी सहित कई स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूजा कुमारी ने अपने वक्तव्य में दहेज प्रथा का विरोध करते हुए इसे समाज के लिए घातक बताया। वहीं रिंकी कुमारी ने समाज में महिलाओं की वास्तविक




स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी कई स्थानों पर महिलाओं की स्थिति असमान और दयनीय बनी हुई है। रागनी कुमारी ने कहा कि महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन भी रिंकी कुमारी ने किया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान और तकनीक समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। समाज में महिलाओं की स्थिति पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है।हिंदी विभागाध्यक्ष सह आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आलोक रंजन कुमार ने कविता के माध्यम से महिलाओं के योगदान और उनकी प्रगति को रेखांकित किया। वहीं प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान युग आर्थिक और वैज्ञानिक प्रगति का युग है, इसलिए महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना होगा।

## एनएचएम राशि के भुगतान में अनियमितता का आरोप

**हैदरनगर।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की राशि के भुगतान में अनियमितता और पक्षपात किए जाने का आरोप सामने आया है। सहियाओं, ममता वाहन संचालकों और अन्य कर्मियों ने उपायुक्त पलामू, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद को आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनएचएम के तहत प्राप्त राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सहियाओं, लाभार्थियों और अल्प मानदेय कर्मियों के भुगतान के लिए होना चाहिए था। लेकिन इसके विपरीत आपूर्तिकर्ताओं और कुछ विशेष कर्मियों को भुगतान कर दिया गया। सहियाओं का कहना है कि सितंबर 2025 से कई कर्मियों का मानदेय लंबित है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

# शिवलिंग के साथ पार्वती, गणेश और हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के गोड़ाडीह गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के तहत सोमवार को शिवलिंग की स्थापना की गई। इसके साथ ही माता पार्वती, भगवान गणेश और रामभक्त हनुमानजी की मूर्तियों की भी स्थापना की गई।

इस अवसर पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया गया। मंगलवार सुबह इसके समापन के बाद भंडारा के साथ धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। संपूर्ण अनुष्ठान अयोध्या से आए आचार्य आशीष मिश्रा और मनीष मिश्रा तथा पुजारी मंटू कुमार सिंह के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गोड़ाडीह और भाली गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। बताया गया कि गांव के किसान सर्वजीत सिंह द्वारा दान में दी गई जमीन पर इस शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के साथ देवी-देवताओं की स्थापना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि उदय नारायण सिंह, उपमुखिया निलेश कुमार सिंह, नीरज अग्रवाल, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, विनोद सिंह, देवेंद्र प्रजापति सहित मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव राम अश्रेश सिंह और कोषाध्यक्ष डब्लू सिंह समेत कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन खंडहर में बदला, कायाकल्प की योजना पर अमल नहीं

### घुमावदार रास्ते से यहां तक वाहन या पैदल पहुंचना आज भी देता है रोमांचक अनुभव

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज और मुख्य नहर निर्माण के शुरुआती दौर में भौंराहा पर्वत के मध्य बनाए गए पर्वतीय निरीक्षण भवन के दिन अब तक नहीं बहुर सके हैं। खंडहर में तब्दील इस भवन के जीर्णोद्धार की उम्मीदें कई बार जगीं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों के अनुसार भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी मिलने पर सांसद वीडी राम ने इसके कायाकल्प की दिशा में पहल की थी। इससे लोगों में उम्मीद जगी थी कि इस ऐतिहासिक भवन का गौरवशाली अतीत लौट सकेगा। जानकार बताते हैं कि जब यह पर्वतीय निरीक्षण भवन बना था, तब मंत्री, विधायक और शीर्ष स्तर के अभियंताओं के विश्राम के लिए यह पसंदीदा स्थान हुआ करता था। लगभग तीन हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस भवन से दूर-दराज के प्राकृतिक सौंदर्य का मनमोहक दृश्य देखा जा सकता है।यही कारण है कि आज खंडहर में बदल जाने के बावजूद पिकनिक के समय यह स्थान सैलानियों को आकर्षित करता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसका कायाकल्प किया जाए तो यह भीमचूल्हा पर्यटन कॉरिडोर में एक



महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित हो सकता है।

**80 के दशक में बना था भवन :** बताया जाता है कि इस भवन का निर्माण 1980 के दशक में ठेकेदार शमीम हैदर ने करीब सात लाख रुपये की लागत से विशेष प्रकार की सीमेंट निर्मित ईंटों से कराया था। घुमावदार रास्ते से यहां तक वाहन या पैदल पहुंचना आज भी रोमांचक अनुभव देता है। हालांकि भवन तक जाने वाला रास्ता अब पहले जैसा नहीं रहा।

**पूर्व डीसी ने भी किया था निरीक्षण :** पलामू के तत्कालीन उपायुक्त शशिरंजन ने स्थानांतरण से पूर्व यहां पैदल पहुंचकर निरीक्षण किया था। उस दौरान पर्यटन संवर्धन परिषद के माध्यम से भवन के कायाकल्प की योजना पर चर्चा हुई थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# हैलोजन लाइट नहीं जलने से भीमबराज पुल की रौनक फीकी



**नवीन मेल संवाददाता**

● पर्यटकों में मायूसी, बिजली या डीजल उपलब्ध कराने की मांग

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज पुल पर लगाए गए हेलोजन बल्ब लंबे समय से नहीं जलने के कारण पुल की रात्रिकालीन रौनक फीकी पड़ गई है। इससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों में मायूसी देखी जा रही है।

बताया गया कि कंट्रोल रूम के जेनरेटर से पुल के खंभों पर लगे हेलोजन बल्ब जलाए जाते थे, लेकिन डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण अब लाइटें बंद पड़ी हैं। इसके कारण रात में इस पुल से आवागमन करना भी जोखिम भरा हो गया है। पहले शाम होते ही पुल की रोशनी दूर से ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करती थी और पर्यटक स्थल भीमचूल्हा से इसका नजारा देखने के लिए सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते थे।

स्थानीय लोगों ने जल संसाधन एवं पर्यटन विभाग से मांग की है कि भीमबराज पुल की रोशनी बहाल की जाए। इसके लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने या जेनरेटर के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने की जरूरत बताई गई है।

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश उपायुक्त ने की विभागवार समीक्षा

- खनन, परिवहन, उत्पाद समेत कई विभागों के राजस्व लक्ष्य की समीक्षा, लंबित म्यूटेशन मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को जिले के विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही राजस्व वसूली की समीक्षा की। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अब तक की गई वसूली की विभागवार जानकारी ली गई और लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 58,433.31 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 14,517.10 लाख रुपये की वसूली हुई है। उन्होंने खान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में राजस्व संग्रहण तेज करने तथा अगली बैठक में रॉयल्टी और पेनाल्टी का अलग-अलग विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभाग को 7,608.30 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 7,587.61 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। वहीं मोटरयान निरीक्षक पलामू को 449 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 296.08 लाख रुपये की वसूली हुई है।

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने जानकारी दी कि विभाग को 16,759.50 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध फरवरी माह तक 14,812.88 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। इसी प्रकार मेदिनीनगर नगर निगम को 1,560.55 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 1,185.76 लाख रुपये की वसूली हुई है, जो लक्ष्य का करीब 76 प्रतिशत है।

बैठक में अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत और विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर काम करने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण के लिए लंबित मामलों की अंचलवार समीक्षा भी की गई।

इस दौरान भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन तथा भूमि सीमांकन की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को म्यूटेशन मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में प्राकृतिक आपदा सहायता, ई-रेवेन्यू कोर्ट की स्थिति, लैंड डिमार्केशन तथा झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ, सहायक समाहर्ता, तीनों भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महावीर नवयुवक दल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

## विवेकानंद चौक पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल, जेनरल, मेदिनीनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंगल सिंह और महामंत्री मनोहर गुप्ता उर्फ लाली को श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख एवं महावीर नवयुवक दल के पूर्व अध्यक्ष पंकज जायसवाल तथा राम भक्तों ने सम्मानित किया। शाहपुर स्थित विवेकानंद चौक पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पंकज कुमार जायसवाल और मंगल सिंह ने माल्यार्पण किया। इसके बाद मंगल सिंह को पगड़ी, माला, हनुमान चालीसा और प्रतीकात्मक अस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि मनोहर गुप्ता उर्फ लाली को पगड़ी, माला और हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राम भक्तों के बीच लड्डू प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में जितेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार दास, शशिभूषण मिश्रा, आकाश कुमार, अनिल कुमार रवि, राजेंद्र पासवान, विनय जायसवाल, सोनू जायसवाल, विकास चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, राजेश पासवान, धीरज जायसवाल और राहुल सहित कई लोग उपस्थित थे।

इस मौके पर पंकज जायसवाल ने सभी को रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य तथा समृद्धि की कामना की।

# डॉ. जसबीर बग्गा बनीं प्रभारी प्राचार्य

- नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की अधिसूचना जारी, डॉ. श्रवण कुमार को प्रभार सौंपने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर के प्रशासनिक प्रभार में बदलाव करते हुए नई अधिसूचना जारी की है। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर वनस्पति विज्ञान विभाग की रीडर डॉ. जसबीर बग्गा को जीएलए कॉलेज का प्रोफेसर इंचार्ज (प्रभारी प्राचार्य) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि डॉ. जसबीर बग्गा अपने वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी कार्य करेंगी।

वहीं अब तक कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज के रूप में कार्यरत डॉ. श्रवण कुमार को निर्देश दिया गया है कि वे कॉलेज कार्यालय का संपूर्ण प्रशासनिक प्रभार विधिवत रूप से डॉ. जसबीर बग्गा को हस्तांतरित करें, ताकि कॉलेज का शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# कोयल नदी पर पुल निर्माण का मुद्दा विधानसभा में उठा

- डालटनगंज–विश्रामपुर को जोड़ने के लिए लिधकी से गाड़ी खास बाजार घाट तक पुल बनाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विधानसभा सत्र के दौरान डालटनगंज और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने के लिए कोयल नदी पर पुल निर्माण का मुद्दा उठाया गया। विधायक ने सदन में सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि प्रस्तावित पुल के निर्माण से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से बनी आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

विधायक ने बताया कि यह पुल चैनपुर प्रखंड के पूर्व लिधकी से पड़वा प्रखंड के गाड़ी खास स्थित बाजार घाट तक कोयल नदी पर बनाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित स्थल कुलदीप महतो के चेंबर के सामने बताया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को नदी पार कर दूसरे प्रखंड तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी होती है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पुल का निर्माण होने से लिधकी, पतरिया, गांगी, दूल्ही और बोकेया सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर विद्यार्थियों, मरीजों और ग्रामीणों को पड़वा मुख्य बाजार, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और कजरी रेलवे स्टेशन तक आने-जाने में काफी सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि पुल बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को भी गति मिलेगी।

इससे व्यापार और स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण इलाकों का शहर से संपर्क और मजबूत होगा। उन्होंने सरकार से जनहित को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण पुल निर्माण योजना को जल्द स्वीकृति देने और कार्य शुरू कराने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सके।

# जीएलए कॉलेज के कर्मी कुलदीप राम को दी गई विदाई

- रसायन शास्त्र विभाग ने सेवानिवृत्ति पर अंगवस्त्र देकर किया सम्मान

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर के रसायन शास्त्र विभाग के कर्मी कुलदीप राम के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विभाग की ओर से भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने उनके लंबे समय तक किए गए समर्पित सेवा, मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश मिश्रा और डॉ. आशुतोष पांडे ने कुलदीप राम को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि कुलदीप राम ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनका अनुशासन और कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणादायक रही है। शिक्षकों ने कहा कि संस्थान के विकास तथा विभाग की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाए रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पलामू आगमन, हुआ स्वागत



- संगठन विस्तार और जिला कार्यालय संचालन को लेकर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष मुकेश कुमार के पलामू आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। महासभा के जिला महासचिव संजय राज ने अपने आवास पर उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान रांची से आए गोपाल सिन्हा का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार तथा जिला कार्यालय के सुचारू संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

मुकेश कुमार ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक चित्रांश समाज के लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यालय संचालन में आ रही समस्याओं को मिल-जुलकर दूर किया जाएगा।

मौके पर शेखर श्रीवास्तव, विक्की सिन्हा, अविनाश कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार सिन्हा और आदर्श राज सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# वायरल वीडियो मामले में पूर्व मुखिया नेहाल अंसारी ने दी सफाई



- कहा - विरोधियों ने बदनाम करने की साजिश की, प्रशासन से जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो को लेकर पूर्व मुखिया सह मुखिया पति नेहाल अंसारी ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने महिला द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया।

नेहाल अंसारी ने कहा कि इस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि वे लगातार दो बार पंचायत चुनाव जीत चुके हैं और वर्तमान में उनकी पत्नी मुखिया हैं। इसी कारण उनके राजनीतिक विरोधी उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

उन्होंने जामा मस्जिद परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# चतुर्थवर्गीय बहाली लिखित परीक्षा से कराने की मांग पर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

- 21 प्रखंडों से पहुंचे अभ्यर्थियों ने मार्च निकालकर डीसी को सौंपा मांग पत्र

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और लिखित परीक्षा के माध्यम से बहाली कराने की मांग को लेकर सोमवार को अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता अनुप कुमार पासवान और सत्यानारायण शुक्ला ने किया। अभ्यर्थियों ने रेडमा चौक से कचहरी चौक, बस स्टैंड होते हुए छहमुहान तक मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को उठाया। बाद में मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र पलामू उपायुक्त को सौंपा गया।

छात्रों ने कहा कि चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति लिखित परीक्षा के आधार पर की जानी चाहिए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

प्रदर्शन में जनेश कुमार, सत्येंद्र कुमार मेहता, सुजीत पासवान, तुलसीम अंसारी, अनिल बेहरा, रविंद्र चंद्रवंशी, अमरेश यादव और संदीप पासवान सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद थे।

# सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं : आशुतोष तिवारी



- भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ठाकुरबाड़ी मंदिर रेडमा परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में युवा समाजसेवी एवं हम पार्टी (सेक्युलर) के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण सदर अंचल अधिकारी द्वारा द्वेष की भावना से प्रेरित होकर उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था और उन्हें जेल भेजा गया। हालांकि न्यायालय ने उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया।

उन्होंने कहा कि जेल जाने से वे डरे नहीं हैं, बल्कि इससे उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अब वे समाज में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ और मजबूती से आवाज उठाएंगे ताकि आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में बिना घूस दिए काम हो सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मानहानि का दावा करने की बात कही। साथ ही उन्होंने जनता से भ्रष्टाचार मुक्त पलामू के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

प्रेस वार्ता में वारिस आलम, मुकेश पाठक, राजमुनी तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, अमर कुमार मिश्रा, राकेश शर्मा, सत्यम दुबे, चंदन कुमार भुइयां और सद्दाम हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा का निधन

# शोक की लहर, कोयल नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रख्यात शिक्षाविद् और वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा का रविवार देर रात लगभग एक बजे निधन हो गया। वे करीब 82 वर्ष के थे और पिछले कई महीनों से उम्रजनित बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन से जिले के शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

रविवार शाम उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। देर रात मेदिनीनगर के रेडमा स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र प्रभात कुमार मिश्र 'सुमन' और हेमंत कुमार मिश्र 'गुड्डू' सहित परिवार के सदस्य मौजूद थे।

सोमवार दोपहर लगभग एक बजे उनके आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं और शुभचिंतक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। कोयल नदी तट स्थित महाराजा हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनके निधन पर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, सांसद विष्णु दयाल राम और पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया।

प्रो. मिश्रा मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के पंडुका गांव के निवासी थे। उन्होंने वर्ष 1967 में जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर में अंग्रेजी के प्राध्यापक के रूप में सेवा शुरू की और 2007 में सेवानिवृत्त हुए। वे जनता शिवरात्रि कॉलेज के संस्थापक सदस्य, रांची विश्वविद्यालय के मेदिनीनगर एक्सटेंशन सेंटर के समन्वयक तथा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के सीनेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी रहे। इसके अलावा वे पलामू जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव और 1993 के राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सचिव भी रहे।



### प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के निधन पर आलोक तुलस्यान ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के निधन पर समाजसेवी आलोक तुलस्यान ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय प्रो. मिश्रा का जाना पलामू के लिए अत्यंत दुखद है। उनके शब्दों में, "पलामू में वसंत अब बिना खुशबू के बीतेगा।" उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उन्हें परम पद प्रदान करने की प्रार्थना की।

### प्रो. सुभाष मिश्रा बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे : शिशिर शुक्ला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला लोक कला मंच के अध्यक्ष एवं आकाशवाणी-दूरदर्शन कलाकार शिशिर कुमार शुक्ला ने प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मिश्रा जीवनपर्यंत समाज के संरक्षक रहे और सामाजिक व सार्वजनिक मंचों पर पलामू की गरिमा को बढ़ाने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व थे। शिशिर शुक्ला ने कहा कि स्व. मिश्रा शिक्षा और साहित्य के साथ-साथ लोक संगीत में भी गहरी रुचि रखते थे। उनके निधन से पलामू के बौद्धिक और सांस्कृतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा का नाम पलामू के इतिहास में सदैव अमर रहेगा।

### प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा मेरे पथप्रदर्शक और प्रेरणा स्रोत थे : अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के निधन पर संत मरियम विद्यालय में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने उन्हें अपना पथप्रदर्शक और प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा मूलत: अंग्रेजी के शिक्षक थे, लेकिन हिंदी साहित्य और संस्कृत पर भी उनकी गहरी पकड़ थी। वे एक कुशल वक्ता, साहित्यकार और खेल प्रेमी थे। क्रिकेट से उन्हें विशेष लगाव था और 1990 के दशक में पलामू में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अविनाश देव ने कहा कि उनकी लोकप्रियता "सब की आस सुभाष" पुस्तक तथा रेडियो साक्षात्कारों के संकलन "कोयल की धारा" से भी झलकती है। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा के निधन से पलामू के शैक्षणिक और साहित्यिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# न्यूज बॉक्स

## मेराल में मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल शुरू




**मेराल (गढ़वा)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मेराल प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने सोमवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है। प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। मनरेगा कर्मचारी संघ के मेराल प्रखंड अध्यक्ष सह जेई फिरोज अंसारी ने बताया कि यदि 11 मार्च तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गढ़वा उपायुक्त, उपविकास आयुक्त तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सूचना दी गई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा कर्मियों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं और गढ़वा जिले में कार्यमुक्त किए गए कर्मियों की वापसी में भी विलंब हो रहा है। इसी के विरोध में सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, बीपीओ आदम अली, शशि भूषण, रोजगार सेवक मंजय तिवारी, रघुवर राम, रामदेणी राम, मनदीप सिंह, भोला कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार, गौतम कुमार सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएलओ व सहायक शिक्षकों की बैठक आज

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय खरौंधी में 10 मार्च 2026 को अपराह्न 3:30 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने पत्र जारी कर सभी बीएलओ और सहायक शिक्षकों को बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश के अनुसार बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित होगी, जिसमें निर्वाचन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को समय पर बैठक में उपस्थित रहने को कहा है, ताकि कार्यों की समीक्षा के साथ आगे की रूपरेखा तय की जा सके। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बैठक में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े सहायक शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्तर से कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

## विद्यालयों में समय पर परीक्षा कराने का निर्देश



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) बिरेन्द्र प्रसाद ने प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रखंड के उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बीपीओ ने कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों की एसए-2 परीक्षा निर्धारित तिथि पर समय से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया जाए और उसे ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यू-डायस, स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन तथा ड्रॉप बॉक्स से संबंधित कार्यों को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में "गढ़वा लर्न्स, गढ़वा लीड्स" कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल शिक्षकों की जिम्मेदारी भी बताई गई। इनमें मिशन रेड अलर्ट, प्रयास प्रोजेक्ट इंपैक्ट, निपुण भारत, स्मार्ट क्लास, इको क्लब, पीएम पोषण, परख, डिजिटल स्कूल सहित कई योजनाएं शामिल हैं। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने कहा कि सभी शिक्षक एवं छात्र अपनी उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी में दर्ज करें। साथ ही अपार आईडी, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रशिक्षण और पाठ योजना को जे गुरुजी एप पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, लेखापाल प्रदीप शुक्ला, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, सुबोध कुमार, शोभा कुमारी, बिरेन्द्र प्रजापति, सुबोध कुमार केशरी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ श्री शतचंडी महायज्ञ

# हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी बाजार के समीप आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ सोमवार को पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव के बीच संपन्न हो गया।

महायज्ञ के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन और पूर्णाहुति की विधि संपन्न कराई गई। इस दौरान यज्ञ मंडप में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूर्णाहुति के बाद यज्ञ समिति के सदस्यों ने विभिन्न स्थानों से आए साधु-संतों को सम्मानपूर्वक विदाई दी। संतों ने क्षेत्र के लोगों की आस्था और सहयोग की सराहना करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

महायज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भवनाथपुर, खरौंधी, केतार सहित उत्तर प्रदेश के कोन क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।

यज्ञ समिति के अनुसार खरौंधी बाजार स्थित प्राचीन देवी मंदिर काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के सहयोग से उसके बगल में एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। इसी नव निर्मित मंदिर में देवी मां की स्थापना को लेकर 5 मार्च से संत शिरोमणि सुंदर राज यतिराज जी महाराज के निर्देशन में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था।

# राजस्व कार्यों की सुस्ती पर उपायुक्त सख्त लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

- पीएम किसान योजना और म्यूटेशन मामलों की समीक्षा, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को राजस्व विभाग और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न राजस्व कार्यों की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का कड़ा निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, भूमि उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा, भूमि उप समाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह सहित जिले के सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सीएस-आरएस सर्वे रिपोर्ट, जनता दरबार से संबंधित मामलों, म्यूटेशन की प्रगति, सू-मोटो म्यूटेशन, पार्टिशन म्यूटेशन तथा सक्सेशन म्यूटेशन मामलों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही भूमि सीमांकन, परिशोधन, भूमि अधिग्रहण से जुड़े म्यूटेशन, डीसीएलआर अपील और ई-रेवेन्यू कोर्ट के मामलों की भी समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। उन्होंने प्रमाण पत्र निर्गमन, राजस्व संग्रहण और राहत से जुड़े मामलों में भी पारदर्शिता और गति लाने पर जोर दिया।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और पात्र किसानों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम लोगों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो बाइकों की टक्कर में महिला शिक्षक गंभीर रूप से घायल

- ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां (गढ़वा)।** चिनियां-गढ़वा मुख्य सड़क पर सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में महिला शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला शिवपूजनी देवी (35), पति अजय सिंह, चिनियां स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षिका हैं। बताया जाता है कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग भी हैं।

सोमवार को उनके पति अजय सिंह उन्हें अपनी पैशन प्रो मोटरसाइकिल से किसी काम से चिनियां प्रखंड की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे डोल गांव निवासी राहुल कुमार रवि ने अपनी बाइक से ओवरटेक किया और अचानक आगे जाकर बाइक धीमी कर दी। अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे से आ रही अजय सिंह की बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवपूजनी देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं राहुल कुमार रवि भी घायल हो गए, जबकि अजय सिंह को हल्की चोटें आईं।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनियां पहुंचाया गया, जहां डॉ. पल्लवी कुमारी सिंह ने प्राथमिक उपचार किया।

डॉक्टर ने बताया कि शिवपूजनी देवी के सिर में गंभीर चोट आई है, इसलिए बेहतर इलाज के लिए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं राहुल कुमार रवि का इलाज अस्पताल में जारी है और वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

# जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने की पूजा, क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय खरौंधी में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन भवनाथपुर की जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने यज्ञ स्थल पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने यज्ञशाला में वैदिक विधि से पूजा कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने यज्ञ में आहुति अर्पित की और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। रंजनी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों के बीच भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करते हैं। महायज्ञ के बाद उन्होंने संत शिरोमणि सुंदर राज यतिराज जी महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।


झारखण्ड सरकार
**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
समाहरणालय परिसर, द्वितीय तल्ला, लातेहार, Email id :- rtelatehar@gmail.com
(RTE CELL)

**–: आवश्यक सूचना :–**

पत्रांक .................. दिनांक....................2026

निःशुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2009 की धारा 12 (i)(x) के तहत मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी निजी विद्यालय (CBSE एवं ICSE Board etc.) (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) में गरीब / अनाथ एवं अभिवंचित बच्चों का शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन किया जाना है।

उक्त हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक 254 दिनांक 09.02.2026 एवं स्मार पत्र का पत्रांक ......... दिनांक ......03.2026 के द्वारा विहित प्रपत्र में सूचना की माँग की गई है।

विहित प्रपत्र

| Entry Class | Total Strength of Students | 25% Seat | Remarks |
|---|---|---|---|
| | | | |

नोट :– प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारी सही है।

प्राचार्य / प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर

अतः निदेश दिया जाता है कि दो दिनों के अन्दर प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR 374398 (Human Resource Developement) 25-26 (D)



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा

**राज्य योजनान्तर्गत " कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन–सह–पोस्ट हार्वेस्ट आधारभूत संरचना का विकास " योजना के कार्यान्वयन हेतु**

**आम – सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के स्वीकृत्यादेश संख्या– 62, दिनांक– 17.12.2025 द्वारा राज्य योजनान्तर्गत **"कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन–सह–पोस्ट हार्वेस्ट आधारभूत संरचना का विकास "** के तहत् स्थानीय स्तर पर फलों एवं सब्जीयों के कटाई के पश्चात् नुकसान को रोकने एवं मुल्य संवर्धन हेतु पोस्ट हार्वेस्ट कटाई–छटाई , ग्रेडिंग, पैकिंग, सुविधा हेतु टमाटर की सॉर्टिंग एवं ग्रेडिंग इकाई, वातावरण नियंत्रित पूर्व शीतकालिन कक्ष इकाई, पैक हाउस इकाई, माप तौल यन्त्र एवं वाष्पिणिक/निम्न ऊर्जा शीत कक्ष इकाई की स्थापना किया जाना है।

उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक कृषक द्वारा आवेदन के माध्यम से लाभ दिया जायेगा।

इस योजना का कार्यान्वयन निजी व्यक्तियों का खाली पडे भू–खण्ड़ो पर सामुहिक एवं सम्पन्न कृषकों को 70 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रुप से कमजोर कृषकों को 95 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

- आवेदन जमा दिनांक **14.03.2026** तक कार्यालय कार्य अवधि में किया जायेगा।

**विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।**

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 374524 (Lohardaga) 25-26 (D)



**समाहरणालय, लातेहार**
(dso-latehar@jharkhandmail.gov.in)
(आपूर्ति शाखा)

**अल्पकालिन निविदा**

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0(DSD)/6–8/2020–1811/रॉची, दिनांक– 29.07.2024 के निदेशानुसार जन वितरण प्रणाली के तहत् प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र लातेहार के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदाम से जन वितरण प्रणाली विक्रेता दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के लिए डोर स्टेप डिलीवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का चयन GeM Portal के माध्यम से किया जाना है। उक्त निविदा दो वर्ष के लिए किया जाएगा। साथ ही GeM Portal पर निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक–24.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है। GeM Portal में लातेहार जिला अन्तर्गत निविदा का बिड संख्या निम्न प्रकार है:–

| Sl.No. | District | Block/Godown | Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Latehar | Latehar | GEM/2026/B/7334030 | 07.03.2026 |
| 2 | | Chandwa | GEM/2026/B/7330951 | 07.03.2026 |
| 3 | | Balumath | GEM/2026/B/7334199 | 07.03.2026 |
| 4 | | Bariyatu | GEM/2026/B/7330645 | 07.03.2026 |
| 5 | | Herhanj | GEM/2026/B/7333642 | 07.03.2026 |
| 6 | | Manika | GEM/2026/B/7334131 | 07.03.2026 |
| 7 | | Barwadih | GEM/2026/B/7330112 | 07.03.2026 |
| 8 | | Garu | GEM/2026/B/7330891 | 07.03.2026 |
| 9 | | Mahuadanr | GEM/2026/B/7333756 | 07.03.2026 |

अतएव इच्छुक निविदादाता को GeM Portal से निविदा में भाग ले सकते है, जिसके लिए Gem Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निदेशानुसार Gem Portal में भाग लेने वाला ही निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
लातेहार।

PR PR 374461 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)



**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**आदेश**

दिनांक **11.03.2026 से 20.03.2026** तक **''आवास योजना ग्रामीण"** तथा **"आवास योजना शहरी"** अन्तर्गत लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु विशेष अभियान चलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत "लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु चतरा जिला के सभी प्रखण्ड/पंचायत/ग्राम/वार्ड में दिनवार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं में आवास योजना–ग्रामीण एवं शहरी अन्तर्गत किस्त का भुगतान हुए लाभुकों का किस्त के अनुरूप लंबित आवास पूर्ण किया जाना है।

उपायुक्त,
चतरा

PR 374423 Rural Development(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12 वर्ष 2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी<br>कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 16.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 17.03.2026 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 17.03.2026 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पे यजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी – | |

**Name of Work: Construction of 125mm x 115mm x 90.00 M Deep Drilled Tube we ll with Installation of India Mark-II (IS:15000 Part-2/2004) Hand Pump in Various Sites of Chatra District under D.W. & S. Division Chatra for the Year 202 5-26. (Untied Fund)**

| ग्रुप संख्या | स्वीकृत्यादेश संख्या/दिनांक | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DT/CHA/ GR-01 | 125/जि0यो0 दिनांक 25.02.26 | 10 Nos. | 10.05900 | 0.20500 | 2,500/- | 30.04.2026 |
| DT/CHA/ GR-02 | | 10 Nos. | 10.05900 | 0.20500 | 2,500/- | 30.04.2026 |
| DT/CHA/ GR-03 | | 10 Nos. | 10.05900 | 0.20500 | 2,500/- | 30.04.2026 |
| DT/CHA/ GR-04 | 133/जि0यो0 दिनांक 27.02.26 | 10 Nos. | 10.05900 | 0.20500 | 2,500/- | 31.03.2026 |

नोट – निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।


(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.374419 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना
(नोटिस)




नाम–(1) अफजल अंसारी, पिता–अयूब अंसारी, सा0–पतसा, थाना+जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–156/2025, दिनांक–29.03.2025 धारा–64(2)(n) बी0एन0एस0 एवं 3(2)(V) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–12.06.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–26.06.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का पूर्व के अनुसंधानकर्ता के द्वारा विधिवत तामिला किया गया। पुनः दिनांक–26.02.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–26.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–26.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 374412 Police(25-26).D

## विज्ञान के क्षेत्र में सहायक होंगे स्टेम व ए आई लैब : सांसद



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्टीम एवं एआई लैब का उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान लातेहार जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्थापित स्टीम एवं एआई लैब का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व पारंपरिक रीति रिवाज से सासंद समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि जिले में चार विद्यालयों में स्टीम लैब स्थापित की गई है, जिनमें राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय मनिका, राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बालूमाथ, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय चंदवा तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चंदवा शामिल हैं। वहीं एआई लैब राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय लातेहार, राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय चंदवा, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय गारू तथा राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह में स्थापित की गई है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने लैब का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि इस लैब की स्थापना से छात्राओं को आधुनिक तकनीक, विज्ञान और नवाचार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर तकनीक का है और आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा विज्ञान आधारित शिक्षा का महत्व और बढ़ेगा। ऐसी प्रयोगशालाएं छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करेंगी और उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेंगी।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने की समीक्षा, कहा

# बीएलओ मैपिंग कार्य करें पूरा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों एवं प्री-रिवीजन गतिविधियों की समीक्षा को लेकर सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) तथा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) शामिल हुए।

बैठक में विभागीय निर्देशानुसार अप्रैल 2026 से प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्य से पूर्व की सभी आवश्यक गतिविधियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आगामी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रहे बीएलओ मैपिंग कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जानकारी दी गई कि जिले की दो विधानसभा क्षेत्रों में से मनिका विधानसभा क्षेत्र में 75.27 प्रतिशत तथा लातेहार विधानसभा क्षेत्र में 83.01 प्रतिशत बीएलओ मैपिंग कार्य बीएलओ ऐप के माध्यम से पूरा कर लिया गया है, जिसकी प्रविष्टि ऑनलाइन ईआरओ नेट पर भी प्रदर्शित हो रही है। उपायुक्त ने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची में दर्ज धुंधली (ब्लर्ड), गैर-आयामी (नॉन-डायमेंशनल) एवं गैर-मानवीय (नॉन-ह्यूमन) फोटो को हटाते हुए मतदाता सूची को 100 प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया।

साथ ही अवैध अथवा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को भी तत्काल सुधारने को कहा गया।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी आवेदन को सात दिनों से अधिक लंबित न रखा जाए। साथ ही ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों को प्रतिदिन प्रोसेस करने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने जानकारी दी कि नव नियुक्त मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बीएलओ तथा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए-2 को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



**काम को गंभीरता से लें**

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित किए जाएं तथा सभी तैयारियां समय पर पूरी कर आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सौ किलोमीटर दूर जाकर युवक ने किया रक्तदान, बचाई बुजुर्ग की जान



**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत जमिरा निवासी कृष्ण मुरारी ने रमेश कुमार सिंह उम्र 56 वर्ष बोकारो निवासी के लिए ओ नेगेटिव रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार मरीज को अत्यंत ओ नेगेटिव रक्त की जरूरत थी, जिसकी सूचना मिलने पर कृष्ण मुरारी ने तुरंत आगे बढ़कर रांची जाकर रक्तदान किया और मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कृष्ण मुरारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करें ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उनके इस सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### तय भाड़ा नहीं मिलने से ट्रक मालिकों में आक्रोश




**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मगध क्षेत्र के ट्रक मालिक एवं लिफ्टर का बैठक रविवार को चमातू स्थित पहाड़ी मंदिर परिसर में संयुक्त रूप से हुई इस बैठक में स्थानीय ट्रक मालिक एवं लिफ्टर काफी संख्या में मौजूद रहे मौके पर ट्रक मालिकों ने कहा कि वर्षों से निर्धारित भाड़ा की मांग की जा रही है जिसको लेकर कई बार बैठक डी ओ होल्डर,सीसीएल, प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से हो चुकी है.इसके बाबजूद भी तय भाड़ा को नहीं दिया जा रहा है।भाड़ा बढ़ाने के बजाय और भी घटा दिया जा रहा है जिससे हम ट्रक मालिकों को काफी नुकसान हो रहा है. मौके पर उपस्थित ट्रक मालिकों ने एक स्वर में कहा कि तय भाड़ा अगर डी ओ धारक लागू नहीं करते हैं तो हम उग्र आंदोलन करेंगे मगध सीसीएल से निकलने वाली आरसी मोड का कोयला का ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह बाधित कर दिया जाएगा।जो डियो धारक तय भाड़ा को देंगे उन्हीं का कोयला ट्रांसपोर्टिंग किया जाएगा। मौके पर ट्रक ऑनर कामेश्वर राम, सतनारायण प्रसाद, त्रिवेणी साव, मिथुन साव,दामोदर साव, नरेश यादव, सुरेन्द्र साव, संतोष प्रजापति, मुकेश राम, गोपाल यादव, शिवनारायण यादव ,अजय कुमार, रंजन कुमार ,मनोज साव,पंकज कुमार ,उज्ज्वल कुमार सहित सैकड़ों ऑनर उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर महिला बंदियों के साथ विशेष बैठक, अधिकारों की दी जानकारी




**लातेहार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लातेहार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लातेहार द्वारा लातेहार मंडल कारा में महिला बंदियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन डीएलएसए के सचिव शिवम चौरसिया ने किया। इस दौरान सचिव शिवम चौरसिया ने महिला बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके मामलों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से उनके मुकदमों की प्रगति, उच्च न्यायालय में अपील की स्थिति तथा जमानत बंधपत्र (बेल बॉन्ड) दाखिल करने की प्रक्रिया से संबंधित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान दिया गया, जिनमें अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं। बताया गया कि वर्तमान में लातेहार जेल में कुल 16 महिला बंदी हत्या और मानव तस्करी से संबंधित मामलों में निरुद्ध हैं। सभी महिला बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए उनके-अपने अधिवक्ता नियुक्त हैं।

### रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुनील यादव, प्रीतलाल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**बालूमाथ।** प्रखंड में चैती नवरात्र धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर सनातन धर्मालंबियों में काफी उत्साह देखी जा रही है। इसी क्रम प्रखंड के गणेशपुर ग्राम स्थित शिवमन्दिर परिसर में रविवार देर शाम राम भक्तों की बैठक हुई बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती नवरात्र सह चैती दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया।पूजा का अच्छी संचालन के लिए बैठक में उपस्थित लोगों ने समिति का गठन किया। जिसने सर्व सम्मति से सुनील कुमार यादव उपाध्यक्ष प्रीतलाल यादव मनोज गुप्ता जितेंद्र रजक,सचिव अनूप गुप्ता,उप सचिव मनोज राम सहदेव साव, कोषाध्यक्ष बिष्णु संकर सिंह,अभय सिंह,धर्मदेव सिंह,सौरभ गुप्ता सहित कई सदस्यों का चयन किया गया।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मशहूर सिंगर सोनम यादव एवं निशा गुप्ता का प्रोग्राम आगामी 27 मार्च को बुलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे गांव के सैकड़ो गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे।

### भुवनेश्वर दांगी बने अखाड़ा समिति अध्यक्ष



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में आगामी रामनवमी पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में झांकी प्रस्तुति एवं अखाड़ा आयोजन को लेकर सूर्य मंदिर परिसर में भास्कर स्वावलंबन क्लब की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामसुंदर दांगी ने की, जबकि संचालन क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित क्लब सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से भुवनेश्वर दांगी को झांकी प्रस्तुति सह अखाड़ा समिति का अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने के बाद समिति के सदस्यों ने भुवनेश्वर दांगी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में रामनवमी के अवसर पर भव्य झांकी एवं अखाड़ा प्रदर्शन कराने को लेकर चर्चा की गई तथा इसके लिए 21 सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया।

## बीडीओ के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा लोगों ने जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड में कथित भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं में अनियमितता को लेकर सोमवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कांग्रेस के पूर्व जिला युवा अध्यक्ष मोतीलाल पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अभिषेक पांडेय के खिलाफ प्रतापपुर मुख्य चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया और उनका पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन से पहले लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रतापपुर के मुख्य मार्गों पर जुलूस निकाला और नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च किया। प्रदर्शनकारियों की तख्तियों पर डिमांड पेंशन लागू करो, 15वीं वित्त में घूस लेना बंद करो, जंग पंचायत का मास्टर रोल जीरो करना बंद करो, प्रतापपुर बीडीओ होश में आओ, प्रतापपुर से स्थानांतरण करो जैसे कई नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रखंड कार्यालय में पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना सहित कई सरकारी योजनाओं में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। उनका कहना है कि लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है और कई मामलों में पैसे लेने के बावजूद काम नहीं किया जाता। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मोतीलाल पासवान ने कहा कि आम जनता लगातार इन समस्याओं से परेशान है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के अंत में प्रतापपुर मुख्य चौक पर बीडीओ का पुतला दहन कर लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

### रेशमी मेटेलिक कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट को अधिग्रहित करने वाली रेशमी मेटेलिक कंपनी की कथित मनमानी के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों और पुराने कर्मचारियों ने एकजुट होकर कंपनी परिसर में चल रहे सभी प्रकार के कार्यों को बंद करा दिया। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण मुख्य गेट से नगाड़ा बजाते हुए प्रोजेक्ट ऑफिस पहुंचे और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों और पूर्व कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी उन्हें लगातार नजरअंदाज कर रही है। मेनपावर के कर्मचारियों ने बताया कि जब कंपनी बैंक के अधीन थी तब भी उन्हें हर माह गुजारा भत्ता और वेतन मिलता था। लेकिन रेशमी मेटेलिक कंपनी द्वारा एनसीएलटी कोर्ट प्रक्रिया के तहत अधिग्रहण की खबर से उन्हें उम्मीद जगी थी कि पुराने कर्मचारियों को फिर से काम मिलेगा।

ग्रामीणों ने कहा कि उनके पूर्वजों ने अपनी जमीन कंपनी को औने-पौने दाम पर इस उम्मीद से दी थी कि आने वाली पीढ़ियों को रोजगार मिलेगा और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों और पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन को एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि मेनपावर कर्मचारियों की नौकरी नियमित करते हुए उन्हें कंपनी के पेरोल पर नियुक्त किया जाए। साथ ही मेनपावर कर्मियों के 15 वर्षों के पीएफ और वीडीए की राशि एकमुश्त क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि कॉर्पोरेट पावर लिमिटेड परियोजना में अधिग्रहित कई गांवों के रैयतों की भूमि से संबंधित बकाया और नियम संगत मुआवजा ग्राम सभा में वार्ता कर पूर्ण भुगतान किया जाए। इसके अलावा झारखंड विस्थापन पुनर्वास नीति 2008 के अनुसार सभी प्रभावित और विस्थापित परिवारों के सदस्यों को नौकरी दी जाए तथा नौकरी नहीं मिलने की स्थिति में लंपसम पॉलिसी के तहत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि परियोजना से प्रभावित गांवों में सीएसआर के तहत स्कूल, कॉलेज, बस संचालन समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। वहीं 14 जनवरी से बंद पड़े भुगतान को भी तत्काल चालू करने की मांग की गई है। मौके पर ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश चंद्र जोशी ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान में जो भी नियम कानून होगा, उसका कंपनी पालन करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी अभी नई-नई आई है और बहुत जल्द पुराने लोगों को भी रोजगार देने पर विचार किया जाएगा।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**मयूरहंड (चतरा)।** बिहार-झारखंड एसोसिएशन नॉर्थ अमेरिका के पूर्व अध्यक्ष की पहल पर झारखंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मयूरहंड प्रखंड के मंझगावां पंचायत भवन में आयोजित हुआ, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. अमित कुमार और डॉ. गीता गुप्ता की उपस्थिति में ग्रामीण मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस आयोजन में पंचायत के मुखिया मंजीत सिंह का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। मेडिकल कैंप के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ-साथ दवाइयों का निरूशुल्क वितरण तथा सामान्य रोगों की जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्राथमिकता दी गई। आयोजकों ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मभूमि पर स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प के साथ इस तरह की पहल आगे भी जारी रहेगी।

### ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सोमवार को ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) उपकरणों की भौतिक स्थिति, रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों तथा अग्निशमन यंत्र सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी निर्देशों एवं मानकों का पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ पालन किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/प्रतिनिधि कमलेश सिंह, मोहर यादव, मुंगेश्वर राम, आदित्य रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा नगर मंडल की कार्यशाला आयोजित

**चतरा।** शहर के साईं रेजीडेंसी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत नगर कार्यशाला सह प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय प्रजापति ने की। प्रशिक्षण वर्ग में जिला से नियुक्त रजनीकांत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री अमित राम ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रजनीकांत सिन्हा सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी योजनाओं तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### निर्वाचन कार्य को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

## मतदाता सूची से संबंधित फार्म की जानकारियां साझा की गई

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें मतदाता सूची से संबंधित फार्म 6, 7, 8 एवं एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर जानकारियां साझा की गई। बीएलओ, सुपरवाइजर व संबंधित कर्मियों को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बीएलओ को सर्वेक्षण कर नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। नेशनल नंबर दर्ज करने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान कुछ बीएलओ ने एक ही घर में अलग-अलग बूथों के मतदाता होने की स्थिति में नेशनल नंबर देने को लेकर संशय जताया। जिस पर नियमों के अनुसार सत्यापन कर सही तरीके से विवरण दर्ज करने की जानकारी देते हुए अग्रतर कार्य की बात बताई गई। पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में पुनरीक्षण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**अवैध खेती** | अफीम माफियाओं के सामने पुलिस की चुनौती विफल, कई इलाकों में तस्कर रहे सफल

# पुलिस विफल, पोस्ता की फसल से निकाली गई अफीम

- **कहीं भी पोस्ता की खेती होने की सूचना मिलने पर पुलिस को अविलंब सूचना देने का निर्देश दिया गया था**

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र के तिलसरैया, अनगड्डा, कुसुमटांड़, अनगड्डा, चूरकी, डांड़ू, रगैनीयातरी, उलवार, बाचकुम, सिंदरी, कोड़हास समेत दर्जनों गांवों में अफीम माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती कर उससे अफीम निकालने में सफलता मिलने की चर्चा है। हालांकि पुलिस द्वारा पोस्ता विनष्टीकरण को लेकर अभियान चलाया जा रहा था,लेकिन माफियाओं के सामने पुलिस की चुनौती विफल होती नजर आई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर कई एकड़ भूमि पर पोस्ता की खेती की गई थी और समय रहते कार्रवाई नहीं होने के कारण माफिया फसल से अफीम निकालने में सफल हो गए। बताया जाता है कि पुलिस विनिष्टीकरण भी तेज़ गति से चला रही है लेकिन विनष्टीकरण में विलंब होने के कारण माफियाओं को मौका मिल गया। इधर क्षेत्र में यह भी चर्चा जोरों पर है कि इस पूरे मामले में संबंधित बिट के चौकीदार की संलिप्तता हो सकती है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है,लेकिन स्थानीय स्तर पर इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। गौरतलब है कि पूर्व में पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर पोस्ता की खेती नहीं करने की अपील की गई थी। साथ ही कहीं भी पोस्ता की खेती होने की सूचना मिलने पर पुलिस को अविलंब सूचना देने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद बिट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती होना कई सवाल खड़े करता है।वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस क्षेत्र में बिट चौकीदार का ख़ास पकड़ है वहां से संलिप्तता की चर्चा जोरों पर है इस मामले को लेकर चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने भी विधानसभा में आवाज उठाई है।

**बिट के चौकीदारों की संलिप्तता की मिली शिकायतें**

पोस्ता की खेती के विनष्टीकरण में कहीं-कहीं बिट के चौकीदारों की संलिप्तता की शिकायतें मिलती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि किसी कर्मी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेकर जांच करता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती हैं।

# डायन प्रथा का उन्मूलन जरूरी कई परिवार हो रहे प्रभावित : डीसी

- छूटे हुए व्यक्ति फाइलेरिया की प्रतिरोधक खुराक अवश्य लें
- खरीफ फसल की खेती के लिए अभी से बनाएं योजना

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आज पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम के 26वें संस्करण में सभी मुखियाजनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को डायन कह कर और पुरूषों को बिसाहा कह कर अभी भी प्रताड़ित करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि लोगों को इतनी बार जागरूक किये जाने के बाद भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। जबकि किसी महिला का डायन और पुरूष का बिसाहा होना बहुत बड़ा अंधविश्वास है। आप सभी मुखिया अपने-अपने पंचायत में ऐसी भ्रांतियों को दूर करें। अगर गांव/पंचायत में किसी महिला या पुरूष के बारे ऐसी चर्चा होती है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को अवश्य दें, आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिन पंचायतों में चापाकल खराब हैं उससे संबंधित सूची सभी मुखियागण उपलब्ध कराएं। सभी खराब चापाकलों की मरम्मती करायी जाएगी। जिन गांवों/पंचायतों में बिजली की समस्या है इसकी सूचना त्वरित विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को दें। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा अन्य सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व अन्य उपस्थित थे।

### एमडीए कार्यक्रम 25 मार्च तक

उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया के लिए डीईसी और कृमिनाशक के रूप में अल्बेंडाजोल की खुराक लेना अतिआवश्यक है। एमडीए कार्यक्रम 25 मार्च 2026 तक चलेगा जिसमें छूटे हुए व्यक्ति उक्त खुराक ले सकते हैं। सिर्फ गर्भवती महिलाएं, अत्यंत गंभीर रूप से बीमार और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे ही इस खुराक को नहीं ले सकते हैं। वैसे लोग जो अभी भी इस दवा का सेवन नहीं किये हैं उन्हें चिन्हित कर संबंधित मुखिया प्रेरित करें और दवा की खुराक दिलाएं। फाइलेरिया ऐसी बीमारी है जिसका प्रसार एक बार व्यक्ति के शरीर में हो जाए तो वह कभी भी ठीक नहीं हो सकता है। सिर्फ इसके लिए दवा का पूर्व सेवन ही जरूरी होता है।

## जनगणना का कार्य निर्वाचन जैसा ही महत्वपूर्ण : डॉ ताराचंद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जनगणना-2027 को लेकर आज से दो दिवसीय प्रशिक्षण समाहरणालय स्थित झारनेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे पदधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि जनगणना का कार्य भी निर्वाचन कार्य जितना ही महत्वपूर्ण है। इस कार्य को भी बहुत गहनता और गंभीरता के साथ करना है।पहले की तुलना में आज जनगणना का कार्य ज्यादा सुदृढ हुआ है और इसमें तकनीक का भी इस्तेमाल बढ़ा है। इसे निर्धारित समय मे पूर्ण किया जाना है जिसे प्रशिक्षित होने के बाद ही पूर्ण किया जा सकता है, इसलिए प्रशिक्षण अच्छी तरह पूर्ण करें। मतगणना से जुड़े किसी भी तरह का प्रश्न हो तो प्रशिक्षण सत्र में ही इसका समाधान हो जाएगा।

### गलतियों से बचें

उपायुक्त ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें गलतियों की जगह नहीं है। किसी भी तरह का गलत डेटा पूरे प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। प्रशिक्षण का नोट्स तैयार कर अपने पास रखें जिसका अध्ययन आप कभी भी कर सकते हैं।

### जिनके पास अभी भी धान है वे लैम्पस में दें

उपायुक्त ने कहा कि जिन किसानों के पास अभी भी धान बचा हुआ है और वे अपना धान सरकार को बेचना चाहते हैं वैसे किसान अभी भी अपना धान अपने नजदीकी लैम्पस में जा कर बेच सकते हैं। किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष के खरीफ फसल की बेहतर पैदावार के लिए सभी मुखिया अपने किसानों के साथ लैम्पस/पैक्स के साथ बैठक कर अपनी योजना बनाएं।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) चीरी, लोहरदगा में जिले के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों एवं बी.एड., डी.एल.एड. प्रशिक्षु छात्राध्यापकों हेतु एक दिवसीय गैर आवासीय विज्ञान प्रदर्शनी निर्माण हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डायट प्राचार्य -सह- जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा अभिजीत कुमार के मार्गदर्शन में जे.सी.ई.आर. टी. की वार्षिक कार्य योजना के अनुरूप जिले के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी के प्रभावी आयोजन को मूर्त रूप देने हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा , संकाय सदस्यों एवं रिसोर्स पर्सन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विज्ञान शिक्षण को प्रायोगिक कक्षाओं के साथ जोड़ते हुए उचित मंच प्रदान करना आवश्यक है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए , कम खर्च में प्रदर्श बनाने का सुझाव दिया गया। आगामी 17 मार्च को डायट चीरी में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारियों हेतु रिसोर्स शिक्षक अंकेश कुमार मेहता ने प्रदर्श निर्माण की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया ।शिक्षकों को दो समूह में बाँटकर गणित, विज्ञान विषय पर प्रदर्श निर्माण हेतु विषयवार उन्मुखीकरण किया गया। प्रतिभागियों को प्रदर्श के मूल्यांकन के तरीकों से भी अवगत कराया गया। प्रदर्श की उपयोगिता, सृजनात्मकता, नवाचार के सन्दर्भ में उल्लेखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने अशोक और उपाध्यक्ष रामकृष्ण



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर परिसर में रामनवमी पूजन को लेकर अवनीश पाठक की अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया गया. आयोजित बैठक में चैती नवरात्र पर दुर्गापूजा,रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने के लिये सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा और रामनवमी मनाने के लिये समिति का गठन किया गया. जिस निमित अशोक महतो को अध्यक्ष तथा रामकृष्ण पाठक,नितेश कुमार महतो,सुमंत कुमार,संतोष कुमार,मनोरंजन कुमार यादव को उपाध्यक्ष तथा उज्ज्वल पाठक को सचिव और मुकेश महतो सह सचिव विकल्प पाठक को तथा दीपक महतो को कोषाध्यक्ष दीपक महतो को बनाया गया.वही अवनीश पाठक द्वारा चैती नवरात्र पर दुर्गापूजा और चैत्र शुक्लपक्ष नवमी को रामनवमी पूजन पर शांति व सौहार्द के साथ मिलजुल कर त्यौहार को सम्पन्न कराने में सहयोग करने के लिये समिति पदधारियों से अपील किया गया।

## जिंगी पीएमश्री विद्यालय में राज्य स्तरीय टीम का दौरा

**कुडू / लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम का आगमन हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य द्वार पर टीम में शामिल प्रबंधक अमित कुमार,एडीटर अवधेश कुमार,कैमरामैन मनोज चंचल, रितेश भगत,सत्येन्द्र कुमार का प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।प्रधानाध्यापक कक्ष में बैठक कर राज्यस्तरीय टीम ने विद्यालय में संचालित तमाम तरह की गतिविधियों प्रार्थना सभा, सीटी बजाओ अभियान, सेतु केन्द्र का संचालन एवं ड्रॉप आऊट बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ना,सांस्कृतिक कार्यक्रम, एफएलएन,प्रयास कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

## पुलिस ने 70 डिसमिल जमीन में अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कुडू थाना क्षेत्र के मसूरिया खाप गांव में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने करीब 70 डिसमिल जमीन में अवैध रूप से की गई अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशे के सौदागरों के बीच हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुडू थाना क्षेत्र के मसूरिया खाप गांव में कुछ लोग अवैध रूप से अफीम की खेती कर नशे का कारोबार चला रहे हैं। सूचना मिलने के बाद मामले की पुष्टि कराई गई और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम का गठन कर गांव में छापेमारी की गई। गठित टीम में कुडू थाना प्रभारी अजीत कुमार, कुडू अंचलाधिकारी संतोष उरांव तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा गया कि खेत में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध फसल लगी हुई थी। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में करीब 70 डिसमिल जमीन में लगी अफीम की पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। बताया जाता है कि इस तरह की अवैध खेती के जरिए नशे के सौदागर युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने का काम करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी-छिपे अफीम की खेती कर उससे तैयार होने वाले मादक पदार्थों को बाजार में बेचकर अवैध कमाई की जाती है। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में कुडू थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मसूरिया खाप गांव में छापेमारी कर लगभग 70 डिसमिल जमीन में लगी अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा अवैध खेती में शामिल लोगों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार और अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार

### निविदा स्थगन सूचना

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–35/2025–26 प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No- 374106 Rural Development 25_26 D है, जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है।

PR 374482 Rural Development(25-26)#D

जिला अभियंता, लातेहार

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### शुद्धि-पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् **ई–अल्पकालीन निविदा संख्या–13/2025-26/RWD/CHATRA**, दिनांक–16.02.2026 (**Construction of Road from House of Prem Bhuiyan to Teli Tola via Banjari Tola**), शुद्धि–पत्र के अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 18.03.2026 है, जिसका **P.R. No. 373776 Rural Work Department(25–26):D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **16.03.2026**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **30.03.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **01.04.2026 अपराह्न 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

PR 374426 Rural Work Department(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

## झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)**

निविदा सूचना संख्या– DWSD/CTR/SP/11/2025-26 (1st Call)

दिनांक – 07.03.2026

| | | |
|---|---|---|
| A | Name of Work :- Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part II) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively) under D.W & S. Division, CHATRA for the year 2025-26 | |
| B | प्राक्कलित राशि (लाख में) | Rs. 20,00,808/- |
| C | अग्रधन की राशि (रूपये में) | Rs. 40,100/- |
| D | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | Rs. 5,000.00 |
| E | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 07 Days |
| F | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.03.2026 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| G | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| H | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| I | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| J | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| K | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| L | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 8002093156, 6761424621 एवं 06541–253273 |
| M | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 374416 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

## धीरज साहू ने लोकसभा सांसद के. सुरेश से शिष्टाचार मुलाकात की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद के. सुरेश से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच झारखंड में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बातचीत के दौरान झारखंड में कांग्रेस की स्थिति, कार्यकर्ताओं की भूमिका, संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीतियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

## झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
## Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉंची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | मार्च– 2026 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक। | 18-03-2026 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,डालटनगंज

PR 374513 District(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 44/2025-26**

पत्रांकः– 225 दिनांक :–09.03.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि– | 24.03.2026 के अपराहन 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 25.03.2026 के अपराहन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25.03.2026 के अपराहन 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of 05 nos Stair room (GL to fourth floor), Nos. Garrages and officer's chamber at 22 court chatra. | 24,88,700.00 | 50,000.00 | 5000 | 03 Months |
| 2. | Construction of female toilet, bathroom,police barrack shed, cow catcher and Drain at D.C Residence,dist-Chatra | 23,49,000.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Construction of storeroom, Laying of paver block and raising of boundary wall height at palash uttam krishi prasanskaran kendra campus vill-sonpur block-chatra,dist-chatra | 19,09,100.00 | 38,200.00 | 5000 | 03 Months |

नोटः– 1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
1.बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 374503 (Building) 25-26 (D)

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 24/2025-26**

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (अपराहन 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– दिनांक 19.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लेस्लीगंज | जुरू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र जुरू का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-01 |
| 2 | छतरपुर | रेगंनिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र रेगंनिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-02 |
| 3 | उंटारी रोड | जोगा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र गोगा (जोगा) का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-03 |
| 4 | पाटन | पाल्हेकला | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पाल्हेकला का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-04 |
| 5 | पाटन | खाम्ही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र राजहारा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-05 |
| 6 | हैदरनगर | कुकही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कुकही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-06 |
| 7 | लेस्लीगंज | कोटखास | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कोटखास का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-07 |
| 8 | छतरपुर | कचनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कचनपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-08 |
| 9 | नौडीहा बाजार | बिशुनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बिशुनपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-09 |
| 10 | नौडीहा बाजार | चराई–2 | स्वास्थ्य उपकेन्द्र चराई–2 का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-10 |
| 11 | नौडीहा बाजार | खैरादोहर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र खैरादोहर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-11 |
| 12 | नौडीहा बाजार | ललगड़ा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र ललगड़ा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-12 |
| 13 | नौडीहा बाजार | तरीडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र तरीडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-13 |
| 14 | पाँकी | नवडीहा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र नवडीहा–1 का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-14 |
| 15 | उंटारी रोड | मुरमा खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुरमा खूर्द का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-15 |
| 16 | पाटन (पण्डवा) | कजरी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कजरी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-16 |
| 17 | हैदरनगर | बिलासपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बिलासपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-17 |
| 18 | चैनपुर | बोड़ी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बोड़ी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-18 |
| 19 | चैनपुर | पतरिया खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पतरिया खूर्द का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-19 |
| 20 | चैनपुर | मझिगांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मझिगांव का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-20 |
| 21 | चैनपुर | कंकारी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कंकारी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-21 |
| 22 | छतरपुर | नगर पंचायत | स्वास्थ्य उपकेन्द्र लोहराही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-22 |
| 23 | छतरपुर | नगर पंचायत | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मसिहानी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-23 |
| 24 | नौडीहा बाजार | शाहपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र शाहपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-24 |
| 25 | सदर मेदिनीनगर | लहलहे | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कसिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-25 |
| 26 | सदर मेदिनीनगर | वार्ड–1 सिंगरा खुर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र टिकुलिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-26 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे। 2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 374483 (District) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## मकान से जुड़े सर्वे में तेजी लाएं, लोगों को करें जागरूक : बीडीओ



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के 112 बूथों के बीएलओ, सुपरवाइजर व बीपीआरओ की बैठक सोमवार को प्रखंड परिसर के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने नेशनल मकान संख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिन घरों में अब तक नेशनल मकान संख्या अंकित नहीं है, वैसे घरों को चिन्हित कर सर्वे किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि झुग्गी-झोपड़ी या ऐसे लोग जिनके पास वोटर आईडी कार्ड तो है लेकिन मकान संख्या दर्ज नहीं है, उन्हें भी चिन्हित कर नेशनल मकान संख्या के लिए आवेदन कराने हेतु जागरूक किया जाए। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि नेशनल मकान संख्या होने से वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के सत्यापन में काफी सुविधा होगी। बैठक में घाघरा प्रखंड के सभी 112 बूथों के बीएलओ, सुपरवाइजर तथा बीपीआरओ मौजूद थे।

## बीओआई की पहल : जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्कूल बैग, पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



**गुमला।** बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस शाखा द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत सोमवार को स्टार बॉन्डिंग इनिशिएटिव कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चन्दाली के जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस पहल से बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बैंक प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी बुनियादी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग देना है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने और शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किए गए इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि और मजबूत होगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी बैंक ऑफ इंडिया के प्रति आभार जताया। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया डीसी ऑफिस शाखा के प्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज की बैठक में 25 मार्च को 'काला दिवस' मनाने का निर्णय

**गुमला।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज, गुमला जिला इकाई की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में समाज के दिवंगत पूर्व अध्यक्ष स्व. तेजपाल राम के स्थान पर बैंक से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए नए जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता को अधिकृत किया गया। वहीं बसिया प्रखंड की अध्यक्ष यशोदा देवी द्वारा अस्वस्थता के कारण दिए गए पदत्याग आवेदन पर विचार करते हुए उसे स्वीकार कर लिया गया और संबंधित प्रखंड में नए अध्यक्ष के चयन पर सहमति बनी। बैठक में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की राज्य कमिटी के निर्देशानुसार 25 मार्च को 'काला दिवस' मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दिन सभी पेंशनधारक केंद्र सरकार के कथित तुगलकी फरमान के विरोध में काला बिल्ला लगाकर रोषपूर्ण प्रदर्शन करेंगे तथा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में भी पेंशनर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक के अंत में हाल ही में हुए नगर निकाय चुनाव में गुमला नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी विजयी वार्ड पार्षदों को बधाई दी गई। साथ ही उम्मीद जताई गई कि उनके नेतृत्व में नगर का सर्वांगीण विकास होगा। बैठक में हिलारियुस तिर्की, गौरी प्रसाद, महावीर प्रसाद मिश्र, चन्द्रनाथ प्रसाद, सदाशिव नन्द, लिलांबर साहु, सुरेन्द्र खड़िया, मनोज बड़ाइक, श्यामसुंदर सिंह, जितिया उरांव, महावीर साहु, महेन्द्र उरांव, लिटंगु उरांव, जगतपाल भगत, भागी नाग, विश्वनाथ साहु, प्रमिला कुमारी, प्रभुदान मिंज, परमानंद भीमकूल, क्यामुद्दीन अली अंसारी, विरेन्द्र भगत, लीलमोहन साहु, ब्रिजिट कांति टोप्पो, मेझरेन मिंज, कोरोलिना एक्का, सबीना मिंज, लीलावती देवी तथा मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता द्वारिका मिश्र 'सुमन' समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## पाट क्षेत्रों में पहुंची स्वास्थ्य सेवा : गांव में ही लगा शिविर, सैकड़ों लोगों की हुई जांच



**गुमला।** सुदूरवर्ती पाट क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की पहल रंग लाने लगी है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार दूरस्थ गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है, जिससे ग्रामीणों को गांव में ही जांच और इलाज की सुविधा मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा तय कैलेंडर के अनुसार एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम पाट क्षेत्रों में पहुंचकर शिविर लगा रही है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उन गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है, जहां से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र काफी दूर होने के कारण लोगों को इलाज कराने में परेशानी होती है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच की। साथ ही सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को प्राथमिक उपचार देते हुए आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और जरूरी परामर्श भी दिया गया। सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत बिशुनपुर प्रखंड के जालिम, सखवाटोली और खैरीपाट, चैनपुर प्रखंड के काकरपाट, डोकापाट, ब्रह्मपुर जोबलपाट और बघलातपाट, घाघरा प्रखंड के कोडले, घाघरापाट और घोरापाथल तथा डुमरी प्रखंड के बांधकोना में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इसी क्रम में 10 मार्च को बिशुनपुर प्रखंड के पेरहापाट और जिलिंगसीरा में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मिलने से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। जिला प्रशासन का कहना है कि पाट क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सुलभ, समयबद्ध और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे शिविर आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

### सिसई के सकरौली गांव में हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड मामला

# 3 दोषियों को आजीवन कारावास 60-60 हजार रुपए का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में एडीजे-3 भुपेश कुमार की अदालत ने तीन आरोपितों नंद किशोर साहू, शिव कुमार साहू और सत्येंद्र कुमार साहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों दोषियों पर विभिन्न धाराओं के तहत 60-60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी सुधीर टोप्पो ने पैरवी की। यह सनसनीखेज घटना सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में हुई थी, जहां नागेश्वर साहू, उनके पुत्र पवन साहू और उनके भाई मुन्ना साहू की टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को मृतकों के ही रिश्तेदार नंद किशोर साहू और उसके दो पुत्र शिव कुमार साहू तथा सत्येंद्र कुमार साहू ने अंजाम दिया था। आरोपितों ने टांगी से लगातार वार कर तीनों की मौके पर ही हत्या कर दी थी। घटना के दौरान विकास साहू भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। लंबे समय तक इलाज चलने के बाद उसकी जान बच सकी। बताया जाता है कि सूखे पेड़ को काटने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा और आरोपितों ने आक्रोश में आकर हमला कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और गांव में दहशत का माहौल बन गया था। मामले को लेकर 9 फरवरी 2024 को सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सोमवार को न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद मृतकों के परिजन भावुक हो गए। एक ओर जहां उन्हें न्याय मिलने की संतुष्टि थी, वहीं दूसरी ओर इस बात का मलाल भी रहा कि आरोपितों को फांसी की सजा नहीं मिली। मृतक के स्वजन सुनीता कुमारी, राधिका देवी और विकास साहू ने कहा कि जिस तरह से उनके परिवार के सदस्यों की बेरहमी से हत्या की गई, उसे देखते हुए दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी। हालांकि उन्होंने न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए उम्मीद जताई कि इस सजा से समाज में अपराधियों के बीच कड़ा संदेश जाएगा।

## खड़ी एंबुलेंस में लगी आग, देखते ही देखते जलकर खाक



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन (सीएस) कार्यालय के बाहर सोमवार दोपहर एक पुरानी और लंबे समय से खराब हालत में खड़ी एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में पूरी एंबुलेंस जलकर खाक हो गई।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत बाल्टी और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के दौरान उठता धुआं काफी दूर से दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन एंबुलेंस पूरी तरह जलकर बेकार हो गई। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति द्वारा सिगरेट या बीड़ी पीकर फेंक देने से एंबुलेंस में आग लगी हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## जब्त बालू की नीलामी से जिले को 22.67 लाख का राजस्व मिला



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार सोमवार को गुमला जिला अंतर्गत अंचल सिसई एवं गुमला के विभिन्न स्थानों पर जब्त वैध बालू भंडारण की नियमानुसार नीलामी कराई गई। नीलामी की प्रक्रिया अपर समाहर्ता, गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान नीलामी समिति में सदस्य के रूप में जिला खनन पदाधिकारी तथा कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमण्डल, गुमला उपस्थित रहे। नीलामी में कुल 11 डाकवक्ताओं ने भाग लिया।

नीलामी के अंतर्गत कुल लगभग 1,26,500 घनफीट जब्त बालू को नीलाम किया गया, जिसकी आरंभिक नीलामी राशि 16,19,200 निर्धारित की गई थी। प्रतिस्पर्धी बोली के पश्चात यह राशि बढ़कर 22,67,000 तक पहुंची, जिससे जिले को 6,47,800 का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

**विवरण इस प्रकार है**

- अंचल सिसई, मौजा जलका - लगभग 46,000 घनफीट
- अंचल सिसई, मौजा पण्डरानी - लगभग 40,000 घनफीट
- अंचल गुमला, मौजा कोयंजारा - लगभग 29,500 घनफीट
- अंचल गुमला, मौजा सिलाफारी - लगभग 11,000 घनफीट

जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं भण्डारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म पीड़िता पर केस वापस लेने का दबाव

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की एक नाबालिग आदिवासी पीड़िता और उसके परिवार को आरोपी द्वारा लगातार धमकाने तथा केस वापस लेने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी और उसके सहयोगी उसे और उसके परिजनों को लगातार डराने-धमकाने में लगे हैं, जिससे पूरा परिवार भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हो गया है। बताया गया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे आरोपी चार अन्य लोगों के साथ पीड़िता के घर पहुंच गया। वहां पहुंचते ही उसने पीड़िता और उसके परिजनों पर केस वापस लेने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी और उसके साथी उग्र हो गए और पीड़िता तथा उसके मौसा को जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान उनके साथ हाथापाई करने की भी कोशिश की गई। परिजनों के अनुसार स्थिति इतनी भयावह हो गई कि पीड़िता और घर के अन्य लोग किसी तरह एक कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाने को मजबूर हो गए।

# विस में गूंजी ओलावृष्टि पीड़ितों की आवाज

## विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने शीघ्र मुआवजे की उठाई मांग

- पीड़ित परिवारों को विभाग की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान गुमला जिले के भरनो और सिसई प्रखंड में पिछले वर्ष हुई भारी ओलावृष्टि से प्रभावित लोगों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्रामीणों को जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

विधायक ने सदन में कहा कि पिछले वर्ष सिसई विधानसभा क्षेत्र के भरनो और सिसई प्रखंड में हुई भारी ओलावृष्टि से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। इस आपदा में कई ग्रामीणों के घरों को भारी क्षति पहुंची थी। साथ ही किसानों की खेतों में लगी विभिन्न फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई थीं और कई मवेशियों की भी मौत हो गई थी, जिससे किसानों और ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने बताया कि आपदा से प्रभावित लोगों ने मुआवजा पाने के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन देकर आपदा प्रबंधन मद से सहायता राशि की मांग की थी। स्थानीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं भी पूरी कर ली गई थीं, लेकिन इसके बावजूद अब तक पीड़ित परिवारों को विभाग की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है।

विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि लंबे समय से राहत की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों को शीघ्र सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी आपदाओं के दौरान पीड़ितों को समय पर राहत मिल सके, इसके लिए स्थायी और प्रभावी व्यवस्था बनाने की भी मांग की।

विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद भरनो और सिसई प्रखंड सहित पूरे सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बाद वे लंबे समय से मुआवजे का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि विधायक द्वारा सदन में मामला उठाए जाने के बाद सरकार और संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई करेंगे, जिससे ओलावृष्टि से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

# अफवाहों पर विश्वास न करें, संदिग्ध स्थिति में तत्काल प्रशासन को दें सूचना

नवीन मेल संवाददाता

- जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से शांति व सतर्कता बनाए रखने की अपील

**गुमला।** हाल के दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बच्चा चोरी की अफवाहों को लेकर कुछ स्थानों पर मारपीट एवं अप्रिय घटनाओं की सूचना प्राप्त हुई है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें तथा कानून को अपने हाथ में न लें।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या परिस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना को सूचना दें। इसके अतिरिक्त जिला नियंत्रण कक्ष 097981 48089 भी 24×7 सक्रिय है, जहां किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है।

प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया है कि अज्ञात या अपुष्ट जानकारी के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट या किसी प्रकार की हानि न पहुंचाएं। ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त पाए जाने वालों पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि अफवाहों से दूर रहें, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# जमीन घेराबंदी के दौरान 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप, दो लाख लूटे जाने की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के डुमरडीह गांव में जमीन की घेराबंदी के दौरान कुछ लोगों पर 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने और दो लाख रुपये लूट लेने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में पालकोट रोड निवासी इन्दु देवी ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दिए गए आवेदन में इन्दु देवी ने बताया कि उनके पुत्र उमेश कुमार गुप्ता और देवर सत्यनारायण कुमार ने डुमरडीह स्थित खाता संख्या 117 के प्लॉट संख्या 1125 (रकबा 4.01 एकड़) और प्लॉट संख्या 1126 (रकबा 0.46 एकड़) कुल 4.47 एकड़ जमीन खरीदी है। यह जमीन पवन कुमार (पिता स्व. अनिरुद्ध साहु), निवासी सिसई रोड गुमला से विधिवत खरीदी गई है और नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर वे शांतिपूर्वक दखल-कब्जा में हैं। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिनों से उक्त जमीन पर चारदीवारी (घेराबंदी) का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी दौरान डुमरडीह निवासी फिरू भगत, अरमई निवासी धरती उरांव और आनंद उरांव वहां पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने की कोशिश करते हुए कहा कि यदि जमीन पर काम करना है तो उनसे संपर्क करना होगा और 50 लाख रुपये रंगदारी देनी होगी, अन्यथा काम नहीं करने दिया जाएगा। आवेदन के अनुसार जब उनके पुत्र और देवर ने इस संबंध में आरोपितों से बातचीत की तो उन्होंने रंगदारी की मांग दोहराते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़िता ने बताया कि 8 मार्च 2026 को जब चारदीवारी का काम चल रहा था, उसी दौरान फिरू भगत, धरती उरांव और आनंद उरांव टांगी, बलुआ और कुदाल लेकर कई अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ छप्पन भगत, जगना उरांव, सुरेन्द्र लकड़ा, सुदर्शन भगत, तीजो उरांव, तिजमनी उरांव, मीना उरांव, रोहन कुमार लाल और गोकुल उरांव सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने मजदूरों को धमकाकर काम बंद करा दिया और रंगदारी की मांग दोहराई। इसी दौरान मजदूरी भुगतान के लिए रखे गए दो लाख रुपये भी छीन लिए गए और कहा गया कि शेष 48 लाख रुपये लाने के बाद ही काम करने दिया जाएगा, अन्यथा अगली बार जान से मार दिया जाएगा।

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस दौरान धरती उरांव और आनंद उरांव ने उनके पुत्र के साथ मारपीट की और वहां काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया। पीड़िता ने सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सिसई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 12 यूनिट रक्त संग्रहित



- आज समाहरणालय परिसर में आयोजित होगा विशेष रक्तदान शिविर


नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अंतर्गत सोमवार को सिसई प्रखंड में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 22 लोगों द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिनमें से 12 लोगों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। संग्रहित रक्त समूह के अनुसार O+ के 04, A+ के 05, B+ के 02 तथा O- के 01 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह रक्त विशेष रूप से जरूरतमंद मरीजों, खासकर सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों के उपचार में उपयोगी होगा। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य जिले में सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न की गई। इसी क्रम में उपायुक्त महोदया के निर्देशन में दिनांक 10.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय परिसर, गुमला में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में उपायुक्त महोदया द्वारा स्वयं भी रक्तदान किया जाएगा। साथ ही इस पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का अनुरोध किया गया है, ताकि शिविर में एकत्रित रक्त से अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सके। मार्च माह के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्धारित तिथियों पर भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को बसिया, 13 मार्च को कामडारा, 16 मार्च को बिशुनपुर, 18 मार्च को भरनो, 20 मार्च को चैनपुर, 23 मार्च को घाघरा, 25 मार्च को रायडीह, 27 मार्च को डुमरी तथा 30 मार्च 2026 को जारी प्रखंड में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों, विशेषकर युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं से भी अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस मानवीय अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**


(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag

नाम–(1) आलोक विश्वकर्मा, पिता–रामराज विश्वकर्मा, सा0–पापी करकी माईनर, थाना–करमा, जिला–सोनभद्र, उतर प्रदेश आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–34/2025, दिनांक–09.11.2025 धारा–69, 126(2), 115(2), 351(2) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–05.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–27.03.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–27.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–27.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR.NO.374411 Police(25-26):D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

**विचार प्रवाह**

मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मन्दिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध - संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# क्या गैर राजनीतिक लोगों के नेता बनने का दौर है?

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत की राजनीति में एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, अचानक मुख्यमंत्री से लेकर चर्चित पीएम बनने वाले नरेंद्र मोदी, राजस्व सेवा के अधिकारी से सीएम केजरीवाल, कॉमेडियन से सीएम बनने वाले पंजाब के सीएम भगवंत मान, यूक्रेन के पीएम जेलेंस्की, प्रॉपर्टी ब्रोकर से राष्ट्रपति बनने वाले डोनाल्ड ट्रंप जैसे अनेकों नाम हैं जिसमें नेपाल का नाम जुड़ गया है जहां पॉप गायक से मेयर होते पीएम बनने जा रहे शाह ने एक बहस छेड़ दी है क्यों प्रोफेशनल नेताओं के बजाय अन्य चर्चित लोगों को पब्लिक अपना नेता चुन रही है? कितना सफल या असफल प्रयोग है यह परंपरा तो दूसरी ओर राजनीति के स्तर में सुधार की मांग करने वाली जनता वरिष्ठ पत्रकार,जज या अधिकारी रहे लोगों के सेवानिवृत्ति के बाद नेता बनने पर आपत्ति करती है? कई उठापटक के बाद नेपाल एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। हाल में हुए आम चुनावों ने देश की राजनीति में एक बड़े परिवर्तन का संकेत दिया है। इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की भारी जीत और इसके नेता बालेंद्र (बालेन) शाह का संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उभरना सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि नेपाली राजनीति में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक माना जा रहा है। ये चुनाव उस पृष्ठभूमि में हुए, जब 2025 में हुए जनरेशन-जेड (जेन-जी) के विरोध प्रदर्शनों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया था और देश में पारंपरिक राजनीतिक नेतृत्व के प्रति गहरे असंतोष की भावना सामने आई थी। पिछले दो दशकों से नेपाल लगातार राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। पिछले अठारह वर्षों में देश में लगभग चौदह सरकारें बदल चुकी हैं। गठबंधन की राजनीति, दलों के बीच वैचारिक मतभेद और नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा ने शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। 2026 का चुनाव पुराने दलों के प्रदर्शन पर एक तरह से जनमत संग्रह भी था, जिन्होंने वर्षों तक नेपाल की राजनीति पर प्रभुत्व बनाए रखा। जेन-जी आंदोलन ने देश की राजनीति को झकझोर दिया था। शुरुआत में ये विरोध प्रदर्शन सोशल मीडिया पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ हुए थे, लेकिन जल्द ही यह भ्रष्टाचार, कुशासन और राजनीतिक संरक्षणवाद के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन में बदल गया। बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की मांग की। अंततः प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने और नए चुनाव कराने की जिम्मेदारी पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सौंपी गई। इस बार लगभग 1.89 करोड़ मतदाता 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए मतदान करने योग्य थे। चुनाव में लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में कुछ वर्ष पहले स्थापित आरएसपी ने अप्रत्याशित रूप से बड़ी सफलता हासिल की है। इस परिवर्तन के केंद्र में पैंतीस वर्षीय बालेन शाह हैं, जो नेपाली राजनीति में नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक समय वह रैपर और सोशल मीडिया से जुड़े व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान तब मिली, जब उन्होंने 2022 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काठमांड़ो के मेयर का चुनाव जीता। तब भी उनकी जीत को पारंपरिक राजनीति के खिलाफ जनता की नाराजगी का संकेत माना गया था। इस बार चुनाव में उन्होंने झापा-5 संसदीय क्षेत्र में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को भारी अंतर से हराया। उनके चुनाव अभियान का मुख्य केंद्र भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक पारदर्शिता और राजनीतिक नेतृत्व में पीढ़ीगत परिवर्तन का वादा रहा। आरएसपी का उभार मुख्य रूप से नेपाल के युवाओं की आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। जेन-जी आंदोलन ने ऐसा राजनीतिक माहौल बनाया, जिसमें नई राजनीतिक शक्तियों को उभरने का अवसर मिला। बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं ने चुनाव परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। आरएसपी ने सोशल मीडिया, डिजिटल प्रचार और जमीनी संपर्क के माध्यम से युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंच बनाई। काठमांड़ो घाटी जैसे शहरी क्षेत्रों और युवा वर्ग में आरएसपी को मजबूत समर्थन मिला। साफ है कि तेजी से बदलते शहरी समाज की अपेक्षाएं पारंपरिक राजनीतिक संरचनाओं से अलग हो चुकी हैं। कई शहरी मतदाताओं को लगता है कि पुराने दल भ्रष्टाचार, अक्षमता और वंशवादी राजनीति के प्रतीक बन गए हैं, जबकि नई पीढ़ी का नेतृत्व पारदर्शिता और जवाबदेही का संदेश देता है। इन चुनावों ने पारंपरिक दलों की कमजोरी को भी उजागर किया है। कई वरिष्ठ नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) अब भी देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, लेकिन उनकी घटती लोकप्रियता इस बात का संकेत है कि उन्हें अपने संगठन और नेतृत्व में सुधार करना होगा। भारत विशेष रूप से नेपाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर ध्यान दे रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की जनता को शांतिपूर्ण और सफल चुनावों के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि नई सरकार दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगी। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध बेहद गहरे हैं, इसलिए काठमांड़ो में स्थिर सरकार का गठन क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी अहम माना जाता है। भारत और चीन के बीच स्थित नेपाल को हमेशा संतुलित विदेश नीति अपनानी पड़ती है। नए नेतृत्व के सामने यह चुनौती होगी कि वह दोनों प्रमुख पड़ोसियों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखे। घरेलू स्तर पर भी नई सरकार से अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। युवा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ हैं। इसलिए सिर्फ राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं, बल्कि व्यापक संस्थागत सुधार जरूरी है। नई सरकार को यह साबित करना होगा कि उसके वादे केवल चुनावी नारे नहीं, बल्कि व्यावहारिक नीतियों में बदल सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में भी नेपाल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीमित औद्योगिक विकास, विदेशों में काम करने वाले नेपाली श्रमिकों से आने वाली रेमिटेंस पर अत्यधिक निर्भरता और युवाओं के लिए रोजगार के सीमित अवसर जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। यदि नई सरकार इन मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाती, तो जनता की उम्मीदें जल्द ही निराशा में बदल सकती हैं। राजनीतिक स्थिरता बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। नेपाल में गठबंधन सरकारों और बार-बार सत्ता परिवर्तन का इतिहास रहा है। भले ही आरएसपी को मजबूत जनसमर्थन मिला हो, लेकिन शासन की जटिलताओं को संभालना एक बड़ी परीक्षा होगी। अब उसे एक परिपक्व शासक दल के रूप में स्वयं को साबित करना होगा। फिर भी 2026 के चुनावों ने नेपाल के लोकतांत्रिक विकास में एक नया अध्याय खोल दिया है। अब देखना होगा कि यह राजनीतिक परिवर्तन किस दिशा में जाता है। नेपाल की जनता चाहती है कि यह परिवर्तन बेहतर शासन, मजबूत संस्थाओं और अधिक समावेशी राजनीतिक भविष्य के रूप में सामने आए।सबसे बड़ी बात यह है कि पेशेवर नेताओं की तुलना में यदि समाज के अन्य सितारों पर पब्लिक भरोसा जताती है तो उन्हें भी अपनी क्षमता और प्रदर्शन से जनता को संतुष्ट करना चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय रामनवमी जुलूस से पहले ही मंगला जुलूस के रंग में रंग जाता है हजारीबाग

आज की बात



विजय केसरी

> इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही हजारीबाग का मंगला जुलूस का इतिहास भी भक्तिपूर्ण है।

**10 मार्च हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी के पहले 'मंगला जुलूस' पर विशेष**



होली के बाद हजारीबाग में इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगल जुलूस' की तैयारी शुरु हो जाती है। रामभक्तों ने उल्लास में होली के अगजा के ही दिन पंचमंदिर से मंगल जुलूस निकाल दिया था। हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस का इतिहास जितना गौरवशाली है, उतना ही हजारीबाग का मंगला जुलूस का इतिहास भी भक्तिपूर्ण है । मंगला जुलूस निकालने की परंपरा 1955 से शुरू हुई थी जबकि रामनवमी जुलूस लगभग सैंतीस वर्ष पहले से निकल रहा था । बृहद रामनवमी जुलूस के अवसर पर बेहतर ढंग से शस्त्र प्रदर्शन हो, इस निमित्त हर मंगलवार को जुलूस निकालने की परंपरा शुरू हुई थी।

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1918, में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन (चैत्र नवमी) पर अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर पहला महावीरी झंडा का जुलूस निकाला था जिसका समापन विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा के बाद हुआ था। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि यह अंतररष्ट्रीय रामनवमी जुलूस के रूप में प्रसिद्ध हो जाएगा। गुरु सहाय ठाकुर के नाती सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने बताया कि गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही भगवान राम के अनन्य भक्त रहे थे। वे समाज में जात - पात, व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को दूर करना चाहते थे। एक रात गुरु सहाय ठाकुर ने स्वप्न देखा कि उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर महावीरी झंडा लेकर नगर का भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की है । लोगों ने उन्हें बताया कि भगवान राम आपके माध्यम से महावीरी झंडा निकलवाना चाहते हैं। संकल्प लेकर निकाले गए जुलूस को जन-जन तक पहुंचाने में हजारीबाग नगर के हीरा लाल महाजन, टीभर गोप, कर्मवीर , कन्हैया गोप,घनश्याम कहार, पांचू गोप, महावीर मिस्त्री मूर्तिकार, गजाधर महाजन, कस्तूरीमल अग्रवाल जैसे सैकड़ों जन ने महती भूमिका निभाई थी । बाद के कालखंड में जब भी मंगला जुलूस हजारीबाग में निकलता था, तब उपरोक्त हिंदू धर्मानुरागियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका अदा की थी।

हजारीबाग नगर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, जिस मंदिर में पूजा अर्चना 1901 से प्रारंभ हो गई थी। इसी वर्ष यह मंदिर एक दान पत्र के माध्यम से सार्वजनिक पूजा के लिए समर्पित कर दिया गया था। इस मंदिर में बनारस के कारीगरों द्वारा बनाया गया एक विशाल महावीरी झंडा लाया गया था । इस झंडे में भगवान राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर भक्त हनुमान की आकर्षक आकृति उकेरी हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर ने पंच मंदिर के महावीरी झंडा को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि रामनवमी के जुलूस में इस के महावीरी झंडा को शामिल करने की इजाजत दी जाए । लेकिन तत्कालीन राधा कृष्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। आगे चलकर एकल रामनवमी झंडा जुलूस की सूरत बदलती चली गई थी। अब सैकड़ों की संख्या में इस जुलूस में महावीरी झंडे शामिल होने लगे थे। बाद के कालखंड में रामनवमी जुलूस की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर राधा कृष्ण मंदिर का महावीरी झंडा रामनवमी के जुलूस में शामिल किया जाने लगा था।

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर रामनवमी जुलूस के माध्यम से हिंदू समाज में जागृति लाना चाहते थे। वे हिंदुओं में एक संगठन पैदा करना चाहते थे। यह भी जानकारी मिली कि ब्रिटिश शासन काल में ईसाई धर्म प्रचार के क्रम में हजारीबाग सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर इस महावीरी झंडा जुलूस के माध्यम से हिंदुओं के भीतर भगवान राम की भक्ति का अलख जगाना चाहते थे। हिंदू धर्मावलंबियों के अन्य धर्म में परिवर्तित होने के बाद उन्हें कतई पसंद नहीं थी। इस महावीरी जुलूस के माध्यम से गुरू सहाय ठाकुर धर्म परिवर्तन को रोकना चाहते थे। इसलिए उन्होंने हर हिंदू के घर में राम चरित मानस रखने की बात भी बताई थी। वे समाज में व्याप्त जात-पात, कुरीति,अंधविश्वास और अस्पृश्यता को जड़ से मिटा देना चाहते थे। इस कालखंड में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक हिंदू घरों मे शराब का सेवन हुआ करता था। उन्होंने महावीर झंडे के माध्यम से घर-घर में होने वाले शराब के सेवन को बंद कराने का भी आह्वान किया था। समाज पर इसका बहुत ही व्यापक असर हुआ था। देश की आजादी के बाद जब पहला महावीर झंडा निकाला गया था, तब इसकी सूरत ही बदली हुई नजर आई थी। देश की आजादी के बाद जुलूस के स्वरूप में क्रमवार विस्तार ही होता चला गया। हजारीबाग नगर में रामनवमी जुलूस हेतु कई समितियों का निर्माण होना शुरु हो गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई समितियों का निर्माण हुआ। गुरु सहाय ठाकुर महावीर झंडा जुलूस के माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर देवी मंडप एवं अन्य देवी-देवताओं के पूजा स्थलों की स्थापना में अपनी महती भूमिका निभाई थी। यह सब उन्होंने हिंदू धर्म के जागृति पैदा करने के लिए किया था।

आजादी के चार-पांच वर्षों के बाद मंगला जुलूस का निकलना प्रारंभ हुआ था। तब आज की तरह मंगला जुलूस का यह स्वरूप नहीं था। मंगला जुलूस हजारीबाग नगर के विभिन्न समितियों द्वारा निकाले जाते थे, तब यह निश्चित हो जाता था कि इतनी संख्या में रामनवमी जुलूस निकाले जाएंगे। धीरे-धीरे मंगला जुलूस के स्वरूप में भी विस्तार होता चला गया। यह मंगला जुलूस नगर के प्रमुख मंदिर राधा कृष्ण मंदिर, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी, खजांची तालाब मंदिर, महावीर मंदिर, कुमार टोली महावीर आदि मंदिरों में महावीरी लंगोटा एवं प्रसाद चढ़ाकर, भ्रमण कर शस्त्र परिचालन प्रदर्शन कर अर्धरात्रि तक समाप्त हो जाया करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**



# शरीर-मन-बुद्धि से परे



स्वामी चिन्मयानंद

बुद्धि के द्वारा मैं अपने विचारों पर चिंतन करता हूँ। शरीर, मन तथा बुद्धि का स्वभाव है ग्रहण करना, अनुभव करना तथा विचार करना। नश्वर तथा सीमित अहंकार के रूप में साधक, इन तीनों से अपनी पहचान जोड़ लेने के कारण, अपने शरीर, मन व बुद्धि के धर्मों के अनुसार जीवन में निर्वाह करता है तथा मात्र ग्रहणकर्ता, अनुभूतिकर्ता और विचारकर्ता के रूप में ही अस्तित्व बनाए रखता है। यह ग्रहणकर्ता-अनुभावकर्ता-विचारकर्ता रूपी व्यक्तित्व ही हमारा जीवत्व है, जो 'अहं' के रूप में अभिव्यक्त होता है। ये हमारे 'मूल' धर्म नहीं हैं। चूँकि ये 'गैर-मूल' धर्म हैं, अत: समस्त धर्मों का परित्याग करने का अर्थ - अहंकार का अंत करना है। यह विचार हमें चकित कर सकता है क्योंकि हमें बचपन से यही विश्वास कराया गया है कि यही शरीर, मन तथा बुद्धि ही हमारा वास्तविक स्वरूप है। लेकिन यदि हम थोड़ा गहराई से चिंतन करें, तो स्पष्ट होगा कि हम इन उपकरणों में से किसी के भी समान नहीं हो सकते। इसके तीन सरल कारण हैं; जब हम 'मेरा' शब्द का प्रयोग करते हैं, तो वह वस्तु या गुण सदैव हमसे भिन्न होता है। जब हम कहते हैं- 'मेरा' फ़ोन, तो इसका अर्थ है कि मैं भिन्न हूँ व फ़ोन भिन्न है तथा वह मेरे स्वामित्व में है। जब हम कहते हैं- 'मेरा' घर, तो इसका अर्थ है कि मैं भिन्न हूँ व घर भिन्न है तथा वह मेरे अधीन है। इसी प्रकार हम सब कहते हैं- 'मेरा' शरीर, 'मेरा' मन, 'मेरा' स्वभाव। जो 'मेरा' है वह 'मैं' कैसे हो सकता है ? ये सारे उपकरण केवल मेरे हैं, पर मैं नहीं हूँ। शरीर, मन तथा बुद्धि प्रत्येक क्षण परिवर्तनशील हैं।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# निशांत कुमार का राजनीतिक उदय

आपकी बात



महेंद्र तिवारी

बिहार की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां सत्ता के गलियारों में बदलाव की सरसराहट नहीं, बल्कि एक युग के अवसान और नए नेतृत्व के अभ्युदय की पदचाप सुनाई दे रही है। पिछले दो दशकों से बिहार की नियति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक यात्रा के उस पड़ाव पर कदम रखा है, जहां से वापसी के रास्ते संगठन की मजबूती और उत्तराधिकार के प्रश्न पर जाकर टिक जाते हैं। जेडीयू के भीतर लंबे समय से जिस सन्नाटे को महसूस किया जा रहा था, वह 8 मार्च 2026 को पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में नारों की गूँज के साथ टूट गया। निशांत कुमार का राजनीति में औपचारिक प्रवेश केवल एक व्यक्ति का दल में शामिल होना नहीं है, बल्कि यह एक क्षेत्रीय दल के अस्तित्व को बचाने की उस छटपटाहट का परिणाम है, जो अक्सर 'वन मैन शो' वाली पार्टियों में उनके शीर्ष नेता के सक्रिय राजनीति से दूर होने पर दिखाई देती है। नीतीश कुमार ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में जिस समाजवाद और वंशवाद विरोधी विचारधारा का झंडा बुलंद किया, आज उनकी पार्टी उसी वंशवाद के छाते तले खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। यह भारतीय राजनीति की एक कड़वी हकीकत है कि क्षेत्रीय दल विचारधारा से ज्यादा एक चेहरे से बंधे होते हैं और जब वह चेहरा धुंधला पड़ने लगता है, तो कार्यकर्ता किसी ऐसे नाम की तलाश करते हैं जो उस विरासत को संजो सके। निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे एक ऐसे पिता के उत्तराधिकारी बनकर आए हैं जिन्होंने अपनी शर्तों पर राजनीति की है। नीतीश कुमार वह शख्सियत रहे हैं जिन्होंने विधानसभा में संख्या बल कम होने के बावजूद गठबंधन के साथियों को अपनी उंगलियों पर नचाया और चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर यह साबित किया कि राजनीति में करिश्मा और चाणक्य नीति का मेल क्या होता है। 2025 के विधानसभा चुनावों ने नीतीश कुमार की लोकप्रियता पर उठ रहे तमाम सवालों पर विराम लगा दिया था। उनके गिरते स्वास्थ्य और भूलने की बीमारी की चर्चाओं के बीच जब परिणाम आए, तो वे चौंकाने वाले थे। जनता ने उन्हें न केवल वोट दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि बिहार के ग्रामीण अंचलों में आज भी 'सुशासन बाबू' की धमक बरकरार है। यहां तक कि भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी सफलता के पीछे भी नीतीश कुमार का वह अति पिछड़ा और महिला वोट बैंक सक्रिय था, जो खामोशी से उनके पक्ष में लामबंद रहता है। लेकिन अपने राजनीतिक चरमोत्कर्ष पर नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का फैसला और पार्टी की बागडोर परोक्ष रूप से निशांत कुमार के हाथों में सौंपने की तैयारी ने कार्यकर्ताओं को हतप्रभ कर दिया है। निशांत के स्वागत में लगे 'निशांत हैं तो निश्चिंत हैं' के नारे दरअसल कार्यकर्ताओं के उसी भय को दर्शाते हैं जो नीतीश के बिना पार्टी के बिखरने की आशंका से पैदा हुआ है। 40 वर्षीय निशांत, जो पेशे से इंजीनियर हैं और अब तक सक्रिय राजनीति की चकाचौंध से दूर रहे, उनके लिए यह डगर कांटों भरी है। राजनीति कोई इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं है जहाँ फार्मूलों से नतीजे निकाले जा सकें, यहाँ समीकरण हर पल बदलते हैं। उनकी पहली और सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के उस मूल आधार-कुर्मी, कोइरी और अति पिछड़ा वर्ग-को अपने साथ जोड़े रखने की है, जो नीतीश कुमार के व्यक्तित्व के आकर्षण में जेडीयू के साथ रहा है। क्या एक सौम्य और राजनीति से दूर रहा युवा इन वर्गों की आकांक्षाओं को वह स्वर दे पाएगा जो उनके पिता ने दिया था? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि तेजस्वी यादव और चिराग पासवान जैसे युवा नेता पहले से ही बिहार की मिट्टी में अपनी जड़ें गहरी कर चुके हैं। निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री एक ऐसे समय में हुई है जब उनके प्रतिद्वंद्वी राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी बन चुके हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




**आज का दोहा**

पहले हिलमिल कर रही, फिर औचक टकराव।
उलझाकर खुद गुम हुई, हवा दिखा कर भाव।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# समाज के लिए जरुरी है समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष न्याय

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी तटस्थता का प्रतीक है, लेकिन न्याय प्रदान करने वाले हाथ जब विविधता और संवेदनशीलता से भरे होते हैं, तो लोकतंत्र और मजबूत होता है। इसी विचार को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष10 मार्च को विश्व महिला न्यायाधीश दिवसमनाया जाता है। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि न्यायपालिका में लैंगिक असमानता को पाटने, न्यायपालिका के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की पूर्ण और समान भागीदारी सुनिश्चित करने,महिला न्यायाधीशों की प्राथमिकताएं, न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष बनानेऔर कांच की छतको तोड़ने के संकल्प लेने का दिन है। न्याय में महिलाएं, न्याय के लिए महिलाएं- यह इस दिवस का मुख्य अभियान है, जिसका उद्देश्य उच्च न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या बढ़ाना, जहां वर्तमान में भारत में यह केवल 13-14 प्रतिशतके आस-पास है। महिलाओं को केवल न्यायाधीश के रूप में ही नहीं, बल्कि मुख्य न्यायाधीश और कॉलेजियम जैसे निर्णय लेने वाले पदों पर आसीन करना है। महिला न्यायाधीशों की उपस्थिति न्याय वितरण की गुणवत्ता में सुधार करती है। उनकी प्राथमिकताओं में आधी आबादी के अनुभवों व घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसे चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझना और उन पर सहानुभूतिपूर्ण निर्णय देना आदि विविध दृष्टिकोण तथा अपराध के पीड़ितों, विशेषकर महिलाओं व बच्चों के लिए अदालतों को अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाना आदि पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण शामिल हैं। भारत प्राचीनकाल से ही महिला न्याय के प्रति संवेदनशील रहा है। वैदिक, औपनिषदिक और पौराणिक ग्रंथों के समीचीन अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उस समय न्यायाधीशका आधुनिक पद विशेष रूप से महिलाओं के लिए उल्लेखित नहीं है, लेकिन न्यायिक निर्णयों, शास्त्रार्थ और सामाजिक न्याय में महिलाओं की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली थी। ऋग्वेद और अथर्ववेद के अनुसार उस समय न्याय व्यवस्था मुख्य रूप से सभाऔर समितिजैसी संस्थाओं के माध्यम से संचालित होती थी। और महिलाएं न्यायिक और राजनीतिक संस्थाओं की सभा में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं, हालांकि बाद के समय में यह भागीदारी कम होती गई। अथर्ववेद में महिलाओं को इन सभाओं में वक्ता और निर्णायक भूमिका निभाने के लिए साहसी और विद्वान होने का उपदेश दिया गया है। घोषा, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं को ब्रह्मवादिनीकहा जाता था। वे केवल ऋचाओं की रचयिता नहीं थीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक आचरण पर निर्णय देने वाली आध्यात्मिक गुरु भी थीं। उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका दार्शनिक और बौद्धिक जिरह करने वाली के रूप में अधिक दिखाई देती है, जो न्याय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बृहदारण्यक उपनिषद में गार्गी वाचक्नवी ने राजा जनक के दरबार में ऋषि याज्ञवल्क्य को चुनौती दी थी। राजा जनक का दरबार उस समय का सबसे बड़ा न्यायिक और दार्शनिक मंचथा, जहां गार्गी ने एक परीक्षक की भूमिका निभाई थी। इसी तरह उपनिषद पात्रीमैत्रेयी ने भी अमरत्व और न्याय के दार्शनिक पहलुओं पर गंभीर संवाद किए, जो कानून के नैतिक आधार को समझने में मदद करते हैं। शंकराचार्य और मण्डन मिश्र के बीच हुए प्रसिद्ध शास्त्रार्थ में मण्डन मिश्र की पत्नी उभय भारती को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था, जिन्होंने दोनों विद्वानों के गले में फूलों की माला डाली और घोषणा की कि जिसकी माला पहले कुम्हला जाएगी, वह हार जाएगा।जब उनके पति हार गए, तो उन्होंने निष्पक्षता के साथ शंकराचार्य को विजयी घोषित किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा ने आयोग को दिया सुझाव**

# एक से दो चरणों में चुनाव कराने की मांग

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी। पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव आयोग के सामने रखे। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक चलने वाली चुनाव प्रक्रिया से हिंसा और प्रशासनिक दखल की आशंका बढ़ जाती है। पार्टी ने आयोग से मांग की कि छह सप्ताह तक 7–8 चरणों में मतदान कराने के बजाय कम समय में अधिकतम एक या दो चरणों में मतदान कराया जाए। साथ ही, पिछले तीन चुनावों 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के आदेश से स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारियों को फिर से ट्रांसफर करने की मांग की। भाजपा ने "संवेदनशील बूथ" के बारे में बताते हुए कहा कि जहां पिछले तीन चुनावों के दौरान मतदान के समय या उसके बाद हिंसा हुई हो, या जहां 85 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है और अशांति फैलाई जा सकती है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा ने पश्चिम बंगाल पुलिस पर निर्भरता कम करने की बात कही। पार्टी ने मांग की कि पर्याप्त संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की अग्रिम तैनाती की जाए और उनके लिए क्षेत्र से परिचित कराने हेतु हैंडबुक उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सीएपीएफ के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि बल की तैनाती व आवाजाही पूरी तरह पारदर्शी हो और जवान स्थानीय लोगों से किसी प्रकार की मेहमाननवाजी स्वीकार न करें। भाजपा ने यह भी सुझाव दिया कि सामान्य पर्यवेक्षकों और पुलिस पर्यवेक्षकों को काफी पहले से तैनात किया जाए ताकि वे स्वतंत्र आकलन कर सकें।



## भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) एक या दो चरणों में चाहती है चुनाव, टीएमसी सहमत नहीं




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग से एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की है। इसमें सिर्फ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की राय अलग रही। पश्चिम बंगाल भाजपा ने पहले ही अपने बयान में बताया था कि उनकी पार्टी ने ईसीआई के पूर्ण बेंच से साफ कहा कि एक या दो चरणों में चुनाव कराना ज्यादा उचित होगा। कम समय में एक या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में चुनाव कराना, छह हफ्तों तक चलने वाले सात से आठ फेज के लंबे चुनावों से कहीं बेहतर होगा। पश्चिम बंगाल भाजपा ने सोमवार को ईसीआई के सामने 16 बिंदुओं की मांग रखी, जिसमें सबसे पहली मांग यही थी कि चुनाव जल्दी और कम चरणों में कराए जाएं। सीपीआई (एम) और कांग्रेस की राज्य इकाइयों के प्रतिनिधिमंडल, जो दिन में पहले चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मिले थे, ने भी इसी बात पर जोर दिया। सीपीआई(एम) के राज्य सचिव और पोलित ब्यूरो सदस्य एमडी सलीम ने कहा कि उनकी पार्टी भी यही चाहती है कि चुनाव कम चरणों में हों। वहीं, कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि कांग्रेस के लिए चरणों की संख्या से ज्यादा जरूरी है कि चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। सिर्फ तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल इस मांग के समर्थन में नहीं था। शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि ईसीआई की पूरी बेंच के साथ मीटिंग में पोलिंग के फेज पर चर्चा करने की जगह नहीं थी। ईसीआई ने भी कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों से हुई बातचीत में लगभग सभी ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की बात कही।

# युवाओं की विकसित होती सोच देश की सबसे बड़ी ताकत : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद आयोजित वेबिनार श्रृंखला के चौथे वेबिनार को संबोधित किया, जिसका विषय था "सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति।" पीएम ने बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का स्वागत किया। पीएम ने कहा, "जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति मात्र एक विषय नहीं है। यह इस बजट का मूल उद्देश्य और इस सरकार का संकल्प है।" पीएम मोदी ने विशेष रूप से उभरती 'देखभाल अर्थव्यवस्था' और वैश्विक स्तर पर देखभालकर्ताओं की बढ़ती मांग की ओर ध्यान आकर्षित किया और विशेषज्ञों से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा, "मैं इस वेबिनार में उपस्थित स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से नए प्रशिक्षण मॉडल और साझेदारियों को विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह करूंगा ताकि देश में प्रशिक्षण व्यवस्था और भी मजबूत हो सके।" प्रधानमंत्री ने दूरस्थ क्षेत्रों तक टेलीमेडिसिन की पहुंच की सफलता का उल्लेख किया। इसकी बढ़ती लोकप्रियता को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने उपयोगकर्ता अनुभव को और सरल बनाने तथा जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा, "मेरा मानना है कि टेलीमेडिसिन के बारे में जागरूकता और इसके उपयोग में आसानी बढ़ाने की अभी भी आवश्यकता है।




**एवीजीसी और उभरती तकनीकों में अवसर बढ़ाने की जरूरत**

प्रधानमंत्री ने भारत के युवाओं की विकसित होती सोच को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया और इस भावना के अनुरूप शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति एक ऐसे पाठ्यक्रम की नींव रखती है जो बाजार की मांगों और वास्तविक अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों के अनुरूप होना चाहिए। "हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना होगा।" शिक्षा, रोजगार और उद्यम के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने ए.वी.जी.सी. (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान-आधारित शिक्षा के केंद्रों में बदलने का आह्वान किया ताकि छात्रों को आवश्यक वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

**सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित**




**एजेंसी। नई दिल्ली**


लोकसभा में विपक्ष के हंगामा के बाद संसद की कार्यवाही 10 मार्च मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्षी सांसदों ने वेस्ट एशिया में बढ़ते विवाद पर केंद्र सरकार पर 'चुप्पी' का आरोप लगाया। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष ने प्रभावित देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने की भी मांग की है। इसके अलावा, विपक्षी नेताओं ने सरकार से यह बताने के लिए कहा है कि वह वेस्ट एशिया में अस्थिर स्थिति के कारण भारत पर पड़ने वाले संभावित एनर्जी संकट से निपटने का क्या इरादा रखती है। इससे पहले दिन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में बात की और स्थिति पर सरकार का रुख बताया। उन्होंने खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें निकालने से जुड़ी चिंताओं पर बात की। साथ ही भारत की एनर्जी सिक्योरिटी पर पड़ने वाले असर पर भी चर्चा की, हालांकि विपक्षी सांसदों ने कहा कि वह मंत्री के बयान से खुश नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उन नेताओं में शामिल थे जिन्होंने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज के वैश्विक हालात में भारत ने देश के अंदर और बाहर भारतीयों के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके बारे में विदेश मंत्री ने डिटेल में एक बयान दिया था, जिसमें हमारी एनर्जी सिक्योरिटी से लेकर लोगों की भलाई तक सब कुछ शामिल था। बदकिस्मती से, विपक्ष को यह भी नहीं पता कि उसे क्या करना है।

## पाकिस्तान ने ईरानी युद्धपोत को लेकर फैलाई झूठी खबर, एआई से बनाया फर्जी वीडियो

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक वीडियो तेजी से वायरल किया गया। इस वीडियो में यह दावा किया गया कि भारत ने ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस डेना की लोकेशन से जुड़ी जानकारी इजरायल को दी थी। हालांकि यह बात पूरी तरह झूठ और भ्रम फैलाने वाली है। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार यह झूठी खबर फैलाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक फर्जी वीडियो तैयार किया गया। पाकिस्तानी एजेंसी से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस फर्जी वीडियो को बढ़ावा दिया। इसके माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई है। दरअसल इस भ्रामक व फर्जी सामग्री को पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाया गया। आईएसपीआर का इकोसिस्टम इस झूठ में संलिप्त है। यह जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण फैलाने के इरादे से किया गया कृत्य था। यह पूरी कार्रवाई पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन से जुड़े दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। इन खातों ने डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो के माध्यम से भारत के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की। यह वीडियो एआई द्वारा निर्मित और डिजिटल रूप से परिवर्तित है, जिसमें रायसीना वार्ता में सेना प्रमुख के भाषण की एक फुटेज का उपयोग किया गया है। इस फुटेज को जानबूझकर भ्रामक कहानी गढ़ने के लिए एडिट किया गया है। फर्जी वीडियो के जरिए यह दावा कि भारत ने जहाज की लोकेशन इजरायल के साथ साझा की। हालाँकि यह बात पूरी तरह से झूठ और निराधार है।

## महबूबा मुफ्ती ने ईरान के समर्थन में जताई एकजुटता, कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती सोमवार को दिल्ली स्थित ईरानी कल्चरल सेंटर और एंबेसी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ईरान के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और वहां की स्थिति पर चिंता जताई। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वह इस मुश्किल समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यहां आई हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उनका मकसद ईरान के नागरिकों को यह संदेश देना है कि कश्मीरी लोग उनके दुख और संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई का जिक्र करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी और कहा कि वे अल्लाह से दुआ करती हैं कि उनकी कुर्बानी को कबूल किया जाए और उन्हें जन्नत में ऊंचा मुकाम मिले। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि ईरान के लोग बहादुर और हिम्मती हैं और कश्मीर के लोग उनके हौसले को सलाम करते हैं। महबूबा मुफ्ती ने इस मौके पर एक और अहम मुद्दा भी उठाया। उन्होंने ईरान में फंसे कश्मीरी छात्रों की स्थिति को लेकर ईरानी राजदूत के सामने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई कश्मीरी छात्र पढ़ाई के सिलसिले में ईरान में रहते हैं और मौजूदा हालात में उनके परिवार यहां काफी परेशान हैं। इसलिए उन्होंने मांग की कि इन छात्रों की सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर उनकी सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। ईरान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, "हम बुराई के खिलाफ इस जंग में उनकी जीत के लिए दुआ कर रहे हैं, क्योंकि ईरान अकेले एपस्टीन गैंग के खिलाफ लड़ रहा है।

## कोच्चि बंदरगाह पर ईरानी युद्धपोत के के लिए ईरान ने भारत का किया धन्यवाद : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लवन को कोच्चि बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी। इसे लेकर ईरान ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। ईरान ने भारत के इस कदम को "मानवीय" बताया। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान इसकी जानकारी दी। पश्चिम एशिया संघर्ष में बदलते हालात पर राज्यसभा में जयशंकर ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के साथ उच्च स्तरीय संपर्क बनाए रखना मुश्किल रहा है, हालांकि मौजूद चैनलों के जरिए डिप्लोमैटिक बातचीत जारी है। विदेश मंत्री ने कहा, "हालांकि कोशिशें की गई हैं, लेकिन इस समय नेतृत्व के स्तर पर ईरान के साथ संपर्क करना साफ तौर पर मुश्किल है। हालांकि, मैंने 20 फरवरी, 2026 और 5 मार्च, 2026 को विदेश मंत्री अराघची से बात की है। हम आने वाले दिनों में ये उच्च स्तरीय बातचीत जारी रखेंगे।" इस दौरान उन्होंने कोच्चि में अभी डॉक किए गए ईरानी नेवी के जहाज का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने उन हालातों के बारे में बताया जिनके तहत भारत ने जहाज को भारतीय पोर्ट में आने की इजाजत दी थी। बता दें, यह तब हुआ जब श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना के डूबने की घटना घटी। लगभग उसी समय, एक और ईरानी नौसेना का जहाज इस इलाके में काम करते समय तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद मदद मांगने के लिए भारत से संपर्क कर चुका था। ईएएम जयशंकर ने कहा, "ईरानी पक्ष ने 20 फरवरी, 2026 को इस इलाके के तीन जहाजों को हमारे पोर्ट पर डॉक करने की इजाजत मांगी थी। यह 1 मार्च, 2026 को मिल गई।

## लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का भाजपा व अन्य दलों ने किया विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने की मांग वाले प्रस्ताव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष की ओर से लाए गए इस प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष के कई नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ बताया है। भाजपा व उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने साफ कहा है कि उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पर पूरा विश्वास है और यह प्रस्ताव सदन में टिक नहीं पाएगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग संसद को चलने नहीं देना चाहते और इस तरह का प्रस्ताव लाना पूरी तरह अनुचित है।" उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव लाता है तो यह "बेवकूफी की हद पार करने" जैसा कदम होगा। वहीं, भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने अब तक यह स्पष्ट ही नहीं किया है कि आखिर किस कारण से वे लोकसभा अध्यक्ष को हटाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव सदन में बुरी तरह से हार जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल ने कई बार सदन में लोकसभा अध्यक्ष के पद का अपमान किया है, जो संसद की गरिमा के खिलाफ है। राहुल गांधी अपने नेतृत्व में अब तक 95 चुनाव हार चुके हैं और आने वाले चुनावों में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा सांसद अरुण गोविल ने भी लोकसभा अध्यक्ष के प्रति अपनी पार्टी का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सभी सांसदों का विश्वास ओम बिरला में है और विपक्ष को जो कहना है, वह कहता रहे।

# नवरात्रि के पहले दिन दुर्लभ संयोग, काशी के ललिता घाट पर भी शुरू होगी भव्य गंगा आरती

- ललिता घाट वाराणसी के 84 घाटों में से एक प्रमुख घाट है और इसका नाम देवी मां ललिता (त्रिपुरसुंदरी) से जुड़ा है, जिनकी नवरात्रि में विशेष पूजा होती है।
- ललिता घाट पर 19 मार्च से गंगा आरती की शुरुआत की जाएगी।

**एजेंसी। वाराणसी**



वाराणसी के ललिता घाट पर भी अब गंगा आरती शुरू होने जा रही है। यह आरती श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा 19 मार्च से आयोजित की जाएगी। पहले से ही नमो घाट पर गंगा आरती होती रही है लेकिन अब ललिता घाट पर भी यह आरती श्रद्धालुओं के लिए शुरू हो रही है। खास बात यह है कि विक्रम संवत 2083 की शुरुआत ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 19 मार्च से हो रहा है और यह नवरात्रि का भी पहला दिन है। ऐसे दुर्लभ संयोग बहुत कम देखने को मिलते हैं। इस दिन से ललिता घाट पर गंगा आरती का शुरू होना अपने आपमें बहुत महत्वपूर्ण है। ललिता घाट, जिसे चौरासी घाटों में से एक माना जाता है, इस नए आरती आयोजन के लिए चुना गया है। इस घाट का नाम और महत्व इस आयोजन को और भी विशेष बना रहे हैं। दरअसल, मां ललिता 'मां त्रिपुरसुंदरी' का ही एक नाम है, जिन्हें तंत्र साधना में सर्वोच्च देवी माना जाता है और नवरात्रि में इनकी विशेष पूजा-अराधना होती है। ऐसे शुभ संयोग मिलकर यह आयोजन बहुत ही दुर्लभ और खास बना रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का उद्देश्य ही सनातन आस्था को बनाए रखना और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगातार काम करना है। न्यास ने इस आरती का आयोजन इसलिए किया है ताकि लोग धार्मिक अनुभव के साथ-साथ सुविधा और सहजता से इसका आनंद ले सकें। ट्रस्ट का ध्यान सिर्फ आयोजन तक सीमित नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में आरती में भाग ले सकें। इस नई गंगा आरती का समय शाम 6 बजे रखा गया है और यह निरंतरता के साथ नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। ट्रस्ट का कहना है कि श्रद्धालु इस अवसर पर आएं और माता गंगा की आराधना में शामिल होकर अपनी भक्ति व्यक्त करें। इस आयोजन के साथ ही वहां सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालु अगर इस आयोजन के बारे में कोई सुझाव या शिकायत देना चाहें तो इसके लिए ट्रस्ट की ईमेल आईडी उपलब्ध है। ट्रस्ट का कहना है कि हर सुझाव और शिकायत का समाधान किया जाएगा।

# एक नजर

## मिडिल ईस्ट संकट से बाधित इंडिगो की लंदन-मुंबई फ्लाइट 10 मार्च को भरेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे किफायती माने जाने वाली एयरलाइन इंडिगो मिडिल ईस्ट संकट की वजह से 8 मार्च को मुंबई-लंदन उड़ान पूरी नहीं कर पाई थी। अब 10 मार्च को उस अधूरी यात्रा को पूरा किया जाएगा। ये फ्लाइट क्रू के तय अनिवार्य विश्राम के बाद उड़ान भरेगी। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस रुकावट के कारण अपनी यात्रा पूरी न कर पाने वाले यात्रियों के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रियों की मदद के लिए होटल में रहने की जगह और वीजा का प्रबंध किया गया है। यह तब हुआ है जब ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष के बीच मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में एयरस्पेस पाबंदियों के चलते कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। इससे पहले, नई दिल्ली से मैनचेस्टर जा रहे इंडिगो फ्लाइट को उस इलाके में अचानक एयरस्पेस पर पाबंदियों के कारण लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद लौटना पड़ा था।

## टीम इंडिया की जीत की खुशी में अमेठी के सुरेंद्र ने पूरे दिन खिलाई लोगों को मुफ्त चाट

**अमेठी।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। उत्तर प्रदेश के अमेठी में भी लोगों ने अनोखे अंदाज में खुशी मनाई। यहां एक युवक ने भारत की जीत की खुशी में पूरे दिन के लिए अपनी चाट की दुकान पर लोगों को मुफ्त चाट खिलाई। अमेठी के रहने वाले सुरेंद्र ने बताया कि भारतीय टीम की जीत से वह बेहद खुश हैं। इसी खुशी को लोगों के साथ साझा करने के लिए उन्होंने अपनी चाट की दुकान पर पूरे दिन मुफ्त चाट खिलाने का फैसला किया। सुरेंद्र की दुकान पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग चाट खाने पहुंचे और भारत की जीत का जश्न मनाया। लोगों ने सुरेंद्र की इस पहल की खूब सराहना की और इसे टीम इंडिया के लिए उनके प्यार का प्रतीक बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारत की जीत ने पूरे इलाके में उत्साह भर दिया।

## नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की सुनवाई 20 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने 20 अप्रैल के लिए निर्धारित किया है। ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट में राऊज एवेन्यू कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 20 अप्रैल तय की। दरअसल, यह हाई-प्रोफाइल मामला उन आरोपों से संबंधित है, जिनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नेशनल हेराल्ड अखबार के मूल प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति पर अवैध रूप से क जा करने के लिए साजिश रची। उन्होंने यंग इंडियन के माध्यम से मात्र 50 लाख रुपए की मामूली रकम का भुगतान किया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी शेयरधारक हैं। एजेंसी का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को गलत तरीके से अपने कब्जे में लिया। ईडी का दावा है कि जांच के दौरान फर्जीवाड़े और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अहम सबूत सामने आए।

## कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा की गई विधायकी, रामनिवास रावत घोषित हुए एमएलए



**विजयपुर।** मध्य प्रदेश के विजयपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने सोमवार को अपना महत्वपूर्ण फैसला सुना दिया। कोर्ट ने उपचुनाव को शून्य घोषित करते हुए पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत को विजयी बताकर विधायक घोषित कर दिया है। इस फैसले से विजयपुर की राजनीति में बड़ा बदलाव आ गया है और कांग्रेस के मौजूदा विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी छिन गई है। कोर्ट ने कहा कि मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन पत्र और चुनावी शपथ पत्र में गलत व अधूरी जानकारी दी थी, जो चुनाव आयोग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हुई। करीब 11 महीने पहले रामनिवास रावत ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दाखिल की थी। उन्होंने उपचुनाव को रद्द करने की मांग की थी। रावत का आरोप था कि कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा ने अपराधिक रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां छुपाईं। याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतिम बहस पूरी की और फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने रावत के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि नामांकन में गड़बड़ी के कारण चुनाव वैध नहीं था।

## भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में हजारों फर्जी मतदाताओं के नाम : दिग्विजय सिंह



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमाण सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश को ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। दिग्विजय सिंह ने ज्ञापन में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाना होता है, ताकि मृत अथवा प्रवासी व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने मतदाता सूची की जमीनी स्तर पर जांच कर यह पाया कि 21 फरवरी 2026 को जारी अंतिम मतदाता सूची में कई ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज कर दिए गए हैं जो संबंधित पते पर निवास ही नहीं करते। इस संबंध में जिन मकान मालिकों के पते पर फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं।

## चुनाव से पहले पुलिस प्रशासन में फेरबदल, नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले पर उठे सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्य पुलिस मुख्यालय (भवानी भवन) ने तीन महिला नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले का आदेश दिया है। यह जानकारी सोमवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में एक निर्देश जारी किया गया है। हाल के वर्षों में, राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से नागरिक स्वयंसेवकों के लिए औपचारिक स्थानांतरण सूचना जारी करने का कोई ज्ञात उदाहरण नहीं है। नागरिक स्वयंसेवक राज्य पुलिस बल के सदस्य नहीं होते हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस स्थिति को पहले ही स्पष्ट कर दिया है। एक पूर्व मामले में, न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि नागरिक स्वयंसेवकों को कानून और व्यवस्था संबंधी कर्तव्यों के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता। उस मामले में सरकार की अपनी नीति में भी कहा गया था कि उन्हें पुलिस के मूल कार्यों में या आधिकारिक पुलिस कार्यों में अधिकारियों की सहायता करने में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने संवैधानिक रूप से स्पष्ट कर दिया था कि नागरिक स्वयंसेवक पुलिसकर्मी नहीं होते। इसके बावजूद तीन महिला नागरिक स्वयंसेवकों के तबादले का नोटिस भवानी भवन से जारी किया गया है। तबादले का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज




CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को दी बधाई

**एजेंसी । मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को उनके पद संभालने पर बधाई दी है। यह जानकारी क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया कि रूस ईरान का "विश्वसनीय साझेदार" रहा है और आगे भी तेहरान के साथ खड़ा रहेगा। यह संदेश ऐसे समय आया है जब मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है और ईरान क्षेत्रीय संघर्षों के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी संदेश में पुतिन ने कहा कि ईरान जिस कठिन दौर से गुजर रहा है, उसमें सर्वोच्च नेता का पद संभालना साहस और दृढ़ता की मांग करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएंगे और कठिन परिस्थितियों में ईरानी जनता को एकजुट रखेंगे।



पुतिन ने यह भी कहा कि रूस तेहरान के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को जारी रखेगा और सहयोग बनाए रखेगा। व्लादिमीर पुतिन ने अपने बधाई संदेश में ईरान को पूरी हिम्मत से हमलों का सामना करने की सलाह दी। संदेश के मुताबिक, "अब जब ईरान हथियारों से हमला झेल रहा है, तो जिस पद पर आप हैं उसके लिए आपको बेशक बहुत हिम्मत और कुर्बानी की जरूरत होगी। मोजतबा खामेनेई को हाल ही में ईरान के शक्तिशाली धार्मिक निकाय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने देश का नया सर्वोच्च नेता चुना है।

## यूएई का दावा : ईरान की 12 बैलिस्टिक मिसाइलें और 17 ड्रोन मार गिराए

**अबू धाबी ।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान की ओर से दागी गई कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया। मंत्रालय के मुताबिक सोमवार को किए गए हमले में कुल 15 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला, जिनमें से 12 को इंटरसेप्ट कर मार गिराया गया, जबकि तीन मिसाइलें समुद्र में गिर गईं और किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि मिसाइलों के साथ-साथ ड्रोन के जरिए भी हमला किया गया था। अधिकारियों के अनुसार कुल 18 ड्रोन देखे गए, जिनमें से 17 को वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया, जबकि एक ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात के क्षेत्र में गिर गया। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है।

यूएई का कहना है कि देश की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह सतर्क है और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा एजेंसियां हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा लगातार बना हुआ है।

ईरान का दावा

## ट्रंप को युद्ध के लिए उकसाया गया विदेश मंत्री अराघची ने कहा

**तेल अवीव/तेहरान ।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने



आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजराइल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजराइल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं।

# कच्चे तेल में उबाल, रुपया में गिरावट पर, शेयर बाजार में भारी बिकवाली

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर भी दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, रुपए की ऐतिहासिक गिरावट और शेयर बाजार में भारी गिरावट ने निवेशकों और सरकार दोनों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को बाजार में बड़ी बिकवाली से निवेशकों की संपत्ति में करीब 12 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। बड़ा झटका शेयर बाजार को लगा। दिनभर की ट्रेडिंग में सेंसेक्स करीब 2400 अंक तक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग 3 प्रतिशत गिरकर 24,028 के आसपास पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में दोनों सूचकांक निचले स्तर से थोड़ा संभल गए। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका से जुड़े तनाव के कारण निवेशकों में डर बढ़ा है। विदेशी निवेशक तेजी से पैसा निकालकर



सुरक्षित निवेश जैसे डॉलर की ओर जा रहे हैं, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ गया है।इस संकट की जड़ कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। युद्ध की आशंका से वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 117 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है, जो कुछ ही समय में लगभग 50 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्शाता है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि देश अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। खास चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है, जहां से भारत के लिए रोजाना लाखों बैरल तेल गुजरता है। अगर यहां आपूर्ति बाधित होती है तो कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।तेल महंगा होने का सीधा असर रुपए पर भी पड़ा है। आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपया गिरकर 92.33 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। कमजोर रुपये से आयात बिल बढ़ने और चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका भी पैदा हो गई है।महंगे तेल से परिवहन, विमानन, लॉजिस्टिक्स और उद्योगों की लागत बढ़ सकती है, जिससे आने वाले समय में महंगाई पर दबाव बन सकता है। हालांकि सरकार का कहना है कि फिलहाल इसका खास असर नहीं है महंगाई को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी।राहत की बात यह है कि भारत के पास लगभग 25 करोड़ बैरल का रणनीतिक तेल भंडार है, जो करीब सात–आठ सप्ताह की जरूरत पूरी कर सकता है। साथ ही भारत अब पहले की तुलना में अधिक देशों से तेल आयात कर रहा है। फिर भी यदि पश्चिम एशिया का संकट लंबा खींचता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

## मुफ्ती पहुंची ईरानी दूतावास, सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जताया दुख



**एजेंसी । नई दिल्ली**

जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेकेपीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती सोमवार को ईरानी दूतावास पहुंचीं। उन्होंने दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी। इनसे पहले जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के सांसदों ने भी पहुंचकर शोक जताया। मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। बताया कि बडगाम के विधायक आगा सैयद मुंतजिर मेहदी के साथ ईरानी राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात की। गमगीन माहौल और अनिश्चितता के बावजूद हम उनके स्टाफ की गर्मजोशी और शालीनता से प्रभावित हुए। यह वास्तव में ईरान के लोगों के लचीलेपन का एक शक्तिशाली प्रमाण है। उनसे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और गुरविंदर सिंह ओबेरॉय ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास पहुंचकर खामेनेई की शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।

## दिल्ली से मैनचेस्टर की इंडिगो फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 7 घंटे उड़ने के बाद वापस लौट आई। इंडिगो के एक अधिकारी ने बताया कि फ़्लाइट 6E33 ने इथियोपिया और इरिट्रिया के बॉर्डर के पास यू-टर्न लिया और अब दिल्ली वापस आ गई। अधिकारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से आखिरी मिनट में एयरस्पेस पर रोक लग गई। जिसके बाद पायलट को बीच रास्ते से लौटने का फैसला लेना पड़ा। यह एयरक्राफ्ट सोमवार सुबह दिल्ली से यूनाइटेड किंगडम के शहर के लिए निकला था। ये 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट थी। वहीं, एयरस्पेस बंद होने के कारण इंडिगो की लंदन से मुंबई जा रही फ्लाइट को भी मिस्र के काहिरा की तरफ डायवर्ट कर दिया गया।

मध्य पूर्व संकट

## ईरान में भारतीय दूतावास की अपील, 'लैंड बॉर्डर से दूर रहें, सतर्कता बरतें'



**तेहरान ।** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर संयुक्त सैन्य हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने सोमवार को एक बार फिर ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर घरों में रहने की अपील की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह देते हुए नए दिशा निर्देश जारी किए। अपना ख्याल रखने, अनावश्यक यात्रा से बचने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। यह एडवाइजरी मुख्य रूप से भारतीयों को ईरान की भूमि सीमाओं से बाहर यात्रा करने से पहले दूतावास से समन्वय करने की सलाह देती है। भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे ईरान की किसी भी सीमा (लैंड बॉर्डर) पर बिना दूतावास से पूर्व समन्वय के बाहर जाने का प्रयास न करें।

# 10 मार्च को प्रतिभूतियों की नीलामी से 45960 करोड़ रुपए जुटाएंगे राज्य

किसमें निवेश से बेहतर रिटर्न- सरकारी बांड या साख वाली कंपनियों के बांड या शेयर बाजार से ?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में राज्यों के वित्तीय संतुलन के लिए समय-समय पर बाजार से उधार लिया जाता है। इसी क्रम में रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने घोषणा की है कि कई राज्य सरकारें 10 मार्च 2026 को होने वाली राज्य विकास ऋण की नीलामी के माध्यम से कुल 45960 करोड़ रुपए जुटाने जा रही हैं। यह पूरी प्रक्रिया आरबीआई के इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म ई-कुबेर पर संचालित की जाएगी, जहां निवेशक ऑनलाइन बोली लगाकर इन प्रतिभूतियों में निवेश कर सकेंगे।मालूम हो कि राज्य सरकारें अपने विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे और सामाजिक योजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने हेतु समय-समय पर राज्य सरकारी प्रतिभूतियां जारी करती हैं। इस बार की नीलामी में अलग-अलग अवधि वाले बॉन्ड जारी किए जाएंगे, जिनमें कुछ नई प्रतिभूतियां होंगी तो कुछ पहले से जारी बॉन्ड का पुनः निर्गमन भी शामिल रहेगा। इन प्रतिभूतियों की परिपक्वता अवधि लगभग 4 वर्ष से लेकर 23 वर्ष तक रखी गई है, जिससे अलग-अलग प्रकार के निवेशकों को विकल्प मिल सके।इस नीलामी में कई राज्य भाग ले रहे हैं। आंध्र प्रदेश तीन अलग-अलग अवधि की प्रतिभूतियों के जरिए करीब 3000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। वहीं अरुणाचल प्रदेश 20 साल की अवधि के बॉन्ड से लगभग 190 करोड़ रुपए उधार लेगा। असम 15 साल की प्रतिभूति के माध्यम से करीब 900 करोड़ रुपए जुटाएगा, जबकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूति जारी कर लगभग 1000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखता है।

गुजरात लगभग 2000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए दो अलग अवधि की प्रतिभूतियां जारी करेगा, जिनमें अतिरिक्त उधारी का विकल्प भी रखा गया है। हरियाणा 4, 12 और 18 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड के जरिए लगभग 3000 करोड़ रुपए उधार लेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर 15 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूति के माध्यम से लगभग 900 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। इस नीलामी में सबसे बड़ा उधारकर्ता कर्नाटक होगा, जो कुल 10000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। इसके तहत कुछ नई प्रतिभूतियां जारी की जाएंगी, जबकि कुछ पहले से मौजूद बॉन्ड का पुनः निर्गमन भी किया जाएगा। इसके बाद तमिलनाडु लगभग 8000 करोड़ रुपए तथा मध्य प्रदेश लगभग 5800 करोड़ रुपए बाजार से जुटाने की योजना बना रहे हैं।अन्य राज्यों में केरल 23 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड के जरिए 1000 करोड़ रुपए , पंजाब 2000 करोड़ रुपए और उप्र लगभग 3500 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य लेकर नीलामी में हिस्सा लेंगे। इसी तरह प.बंगाल भी लंबी अवधि की प्रतिभूतियों के जरिए लगभग 3500 करोड़ रुपए उधार लेने की योजना बना रहा है। छोटे राज्यों में मिज़ोरम 120 करोड़ रुपए और सिक्किम 250 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी करेंगे, जबकि त्रिपुरा लगभग 800 करोड़ रुपए जुटाएगा।

नीलामी की प्रक्रिया 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच पूरी की जाएगी। प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों प्रकार की बोलियां इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा होंगी। गैर-प्रतिस्पर्धी निवेशकों के लिए बोली लगाने की समय सीमा 10:30 से 11:00 बजे तक निर्धारित की गई है। नीलामी के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल निवेशकों को 11 मार्च 2026 को भुगतान करना होगा। आरबीआई के नियमों के अनुसार हर प्रतिभूति के कुल निर्गम का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा गैर-प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं के लिए सुरक्षित रहेगा। खास बात यह है कि खुदरा निवेशक भी सीधे इसमें भाग ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें आर.बी.आई रिटेल डायरेक्ट प्लेटफार्म के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिससे आम नागरिकों के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का रास्ता और आसान हो गया है। शेयर बाजार , कंपनियों व राज्यों के बांड में बीते कई दशक से निवेश रिटर्न से जो ज़ाहिर होता वह निम्न है-

तुलना-

| निवेश विकल्प | औसत रिटर्न (लंबी अवधि) | जोखिम |
|---|---|---|
| राज्य सरकार बॉन्ड (SDL) | लगभग 6–8% | बहुत कम |
| सरकारी/कॉरपोरेट बॉन्ड | लगभग 7–9% | कम |
| भारतीय शेयर बाजार | लगभग 12–15% | मध्यम |
| मजबूत कंपनियों के शेयर | 15–20% तक (कभी ज्यादा) | अधिक |

# विवादों के बाद भी यूट्यूब पर 'टटीरी' की धूम...

## एआई की मदद से बनाए जा रहे गाने के रीमिक्स




पंजाबी और बॉलीवुड सिंगर रैपर बादशाह लगातार विवादों में बने हुए हैं, क्योंकि उनके हालिया रिलीज गाने 'टटीरी' को लेकर हरियाणा में कई जगहों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। मामले में सिंगर के खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया गया, हालांकि बादशाह सोशल मीडिया के जरिए हरियाणा के लोगों से माफी मांग चुके हैं। सिंगर के गाने को यूट्यूब के सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है, लेकिन फिर भी सोशल मीडिया पर 'टटीरी' गाने की बाढ़ आ चुकी है और अलग-अलग प्लेटफॉर्म और आईडी से गाने को अपलोड किया जा रहा है। दरअसल, बादशाह का गाना 'टटीरी' उनका खुद का ऑरिजनल सॉन्ग नहीं है, बल्कि गाने की बीट और बोल हरियाणा के फोक सॉन्ग से प्रेरित हैं। गाने का ऑरिजनल वर्जन 3 साल पहले रिलीज हुआ था, जिसे फौजी करमबीर और सिमरन जागलान ने अपनी आवाज में गाया था। विवादों में आने के बाद अब यूट्यूब पर ऑरिजनल सॉन्ग की कई वीडियो देखी जा सकती हैं और पुराना गाना तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुछ गानों में बादशाह के गाने में फिल्माए गए सीन को दोहराया गया है और कुछ वीडियो में एआई का इस्तेमाल किया गया है। गाने में बादशाह के लिरिक्स (रैप) का इस्तेमाल नहीं किया गया है, बल्कि सारे ओरिजिनल लिरिक्स का इस्तेमाल किया गया है, बस म्यूजिक को रीमिक्स करते हुए बदलाव किए गए हैं। भले ही बादशाह का गाना 'टटीरी' बैन हो चुका है, लेकिन इस कॉन्ट्रोवर्सी का फायदा ओरिजिनल सॉन्ग को मिल रहा है।

**विवाद के बावजूद ओरिजिनल सॉन्ग को सोशल मीडिया पर जबरदस्त 'बज' मिला**

# जीवन शैली व खान-पान में में छोटे-छोटे बदलाव करके हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण करें

## भारत में हर तीसरा व्यक्ति है हाई बीपी का शिकार , दवा शुरू करने के पहले कृपया ये कोशिश कर लें

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत में हर तीसरा व्यक्ति हाई बीपी का शिकार है ।जिसके कारण लगभग हर परिवार में हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन आज स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुका है। इसे अक्सर "साइलेंट किलर" कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। लेकिन अनियंत्रित ब्लड प्रेशर लंबे समय में दिल की बीमारी, स्ट्रोक, किडनी फेलियर और आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू एच ओ) के आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में लगभग 1.3 अरब लोग हाई ब्लड प्रेशर से प्रभावित हैं, लेकिन उनमें से आधे को खुद यह पता नहीं होता।चिकित्सकों कहना है कि दवा के साथ जीवनशैली में बदलाव ब्लड प्रेशरनियंत्रण का सबसे असरदार तरीका है। इसमें खान-पान, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण और तनाव प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण हैं।

**● नियमित व्यायाम व संतुलित आहार अपनाने वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा 25–30% तक कम पाया गया**

**● हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग समय-समय पर ब्लड प्रेशर जांचें और दवा का नियमित सेवन करें**

ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने के आसान उपाय-

| उपाय | क्या करें | असर/फायदा |
|---|---|---|
| नमक कम करें | रोजाना नमक सीमित रखें; पैकेट और प्रोसेस्ड फूड से बचें | ज्यादा नमक शरीर में पानी जमा करता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है |
| नियमित व्यायाम करें | तेज चलना, योग, साइकिल चलाना, हल्की दौड़ | दिल और रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाता है; सप्ताह में 150 मिनट व्यायाम ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखने में मदद करता है |
| संतुलित आहार अपनाएं | फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, पोटैशियम वाले खाद्य पदार्थ (केला, पालक) | सोडियम के प्रभाव को कम कर रक्तचाप संतुलित करता है |
| तनाव और वजन नियंत्रण | योग, ध्यान, गहरी सांस, पर्याप्त नींद; वजन नियंत्रित रखें | तनाव और अधिक वजन ब्लड प्रेशर बढ़ाते हैं; इन्हें नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है |

विशेषज्ञों के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति का वजन सामान्य से 5–10 किलो अधिक है, तो ब्लड प्रेशर बढ़ने का जोखिम 20–30% तक अधिक हो सकता है। वहीं नियमित व्यायाम और संतुलित आहार अपनाने वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा 25–30% तक कम पाया गया है। इसके अलावा शराब और धूम्रपान से दूरी बनाना भी जरूरी है। पर्याप्त नींद और मानसिक तनाव पर नियंत्रण से रक्तचाप कम रखने में मदद मिलती है। डॉक्टरों की सलाह है कि हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग समय-समय पर ब्लड प्रेशर जांचें और दवा का नियमित सेवन करें। छोटे-छोटे बदलाव—जैसे नमक कम करना, हफ्ते में 5 दिन 30 मिनट व्यायाम करना, फल और सब्जियों को भोजन में शामिल करना—ब्लड प्रेशर नियंत्रण में बड़ा असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये आदतें न केवल हृदय और किडनी की बीमारियों का खतरा घटाती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर बनाती हैं। वजन बढ़ना व हाई ब्लड प्रेशर कोनजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, लेकिन सही जीवनशैली और नियमित निगरानी से इसे पूरी तरह से नियंत्रित रखा जा सकता है।

## फार्मा सही दाम ऐप पर जागरूकता कार्यक्रम

# दवाईयां मिले सही कीमत पर : अजय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के आईपीएच सभागार में सोमवार को "द ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 एवं फार्मा सही दाम ऐप" विषय पर राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट द्वारा नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह थे।

अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य की गरीब और ग्रामीण जनता को दवाइयों की सही कीमत के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि फार्मेसी के छात्र-छात्राओं और केमिस्ट-ड्रगिस्ट संगठनों का सहयोग लिया जाए तो ऐसे जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती ने दवाओं के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा कंपनी सरकार द्वारा तय कीमत से अधिक दाम पर दवा नहीं बेच सकती। यदि कोई कंपनी ऐसा करती है तो उससे ओवरचार्ज की गई राशि की वसूली की जाएगी।

निदेशक (औषधि) ऋतु सहाय ने झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट के कार्यों और राज्य में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेपीएमआरयू के तहत कई जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं ताकि लोगों को दवाओं की सही कीमत की जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि मार्केट सर्वे के दौरान लगभग 600 दवाइयों में ओवर प्राइसिंग के मामले सामने आए हैं, जिनकी रिपोर्ट एनपीपीए को भेज दी गई है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने "फार्मा सही दाम" मोबाइल ऐप की उपयोगिता के बारे में बताया। लोगों से अपील की गई कि वे इस ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें, जिससे किसी भी दवा की सही कीमत की जानकारी तुरंत मिल सके।

कार्यक्रम में एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, डायरेक्टर-इन-चीफ डॉ। सिद्धार्थ सान्याल, उप निदेशक डॉ सुजीत कुमार, कुमार रजनीश सिंह, सहायक निदेशक राम कुमार झा और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गुलाम रब्बानी समेत कई अधिकारियों ने अपने विचार रखे।

### युवक की आत्महत्या मामले में मोबाइल नंबर धारक पर केस

**रांची।** पंडरा शांति नगर के रहने वाले राहुल कच्छप की आत्महत्या के मामले में फोन नंबरधारक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक के भाई रौशन कच्छप की ओर से पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें आरोप लगाया है कि उनके छोटे भाई राहुल आत्महत्या करने से पहले किसी से फोन पर बात करते हुए अपनी जान दी है। दावा किया है कि फोन नंबर धारक के उकसाने की वजह से ही उसके भाई ने जान दी है।

### निगम कर्मी के खाते से एक लाख उड़ाए

**रांची।** रांची नगर निगम में कार्यरत संदीप गोप के खाते से साइबर अपराधियों ने करीब एक लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली है। इस संबंध में संदीप गोप ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। संदीप ने पुलिस को बताया कि दो मार्च को उनके खाते से अचानक एक लाख रुपए किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। जबकि, उन्होंने न तो किसी को खाते की जानकारी दी और न ही ओटीपी। मामले की जानकारी मिलने के बाद वह साइबर क्राइम थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

## सीएम से विस की महिला सदस्यों ने की मुलाकात

# सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए है प्रयासरत : हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव साझा किए।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों की हुई आईएएस में पदोन्नति

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति दी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 9 मार्च 2026 को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा भर्ती नियम 1954 और पदोन्नति विनियम 1955 के तहत झारखंड राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों को वर्ष 2024 की चयन सूची के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को प्रोबेशन पर नियुक्त करते हुए झारखंड कैडर में ही पदस्थापित किया जाएगा। भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में दिलेश्वर महतो, इश्तेयाक अहमद, विद्या नंद शर्मा पंकज, संगीता लाल, रॉबिन टोप्पो, नयन तारा केरकेट्टा, अरुण कुमार सिंह, आलोक शिकारी कच्छप, अनिलसन लकड़ा, नगेंद्र पासवान, सुबोध कुमार, आसिफ एकराम, नीरज कुमार सिंह, जुल्फिकार अली और अर्चना मेहता शामिल है।

## पेज एक के शेष

**कैसरे हिंद की जमीन पर बनी दुकानों...**
राज्य के 11 नगर निकायों में कचरा प्रोसेसिंग का काम शुरू हो चुका है और माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि विपक्ष को कटौती प्रस्ताव वापस लेना चाहिए ताकि राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही स्पीकर ने नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा सहित छह विभागों के कटौती प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए उनकी मांगें स्वीकृत कर दी। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**आईएएस-आईपीएस की ऑडियो रिकॉर्डिंग...**
यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी। वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है। मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मामले की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

**महिलाओं के बनाए उत्पादों को बड़े बाजार...**
इस अवसर पर जेएसएलपीएस, पलाश, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग, झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां राज्य की योजनाओं और उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा, "प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों का इस मेले में आना हमारे लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। सरकार का स्पष्ट प्रयास है कि झारखंड के पारंपरिक उद्योग, हस्तशिल्प और घरों में महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके और उनका उद्यम आगे बढ़े। इसी सोच के साथ उद्योग विभाग और जेएसएलपीएस माध्यम से 'पलाश' ब्रांड की स्थापना की गई। यह पहल मुख्यमंत्री के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य है। आज जेएसएलपीएस से जुड़ी लाखों महिलाएँ सखी मंडलों के माध्यम से न केवल आजीविका कमा रही हैं, बल्कि अपने कौशल, मेहनत और नवाचार के दम पर नए उद्यम खड़े कर रही हैं। पलाश ब्रांड के तहत झारखंड के हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य उत्पाद और वन आधारित उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं।

**पांच रुपये के पुराने नोट के बदले 40 लाख का झांसा...**
राजेंद्र विश्वकर्मा के पास ऐसे दो नोट होने की बात बताने पर आरोपी ने उन्हें 40 लाख रुपये मिलने का झांसा दिया। लालच में आकर पीड़ित ने अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर और बैंक पासबुक की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से साझा कर दी। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे मांगने शुरू कर दिए। रजिस्ट्रेशन के नाम पर 300 रुपये, ग्रीन राशन कार्ड बनाने के नाम पर 7,150 रुपये, फ्लाइट टिकट बुकिंग के नाम पर 7,300 रुपये तथा जीएसटी के नाम पर 10 हजार रुपये जमा करा लिए गए। इसके बाद भी ठगों ने 5,100 रुपये और देने की मांग की तथा पैसे नहीं देने पर जुर्माना लगाने और जेल भेजने की धमकी दी। जब पीड़ित ने और पैसे देने से इनकार किया तो ठगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने मजदूरी कर यह पैसा इकट्ठा किया था, लेकिन साइबर ठगी के कारण उनकी मेहनत की कमाई चली गई। घटना के बाद वह और उनका परिवार काफी निराश है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। इधर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने लोगों से साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को आधार नंबर, बैंक विवरण या अन्य निजी जानकारी साझा न करें और संदिग्ध ऑनलाइन ऑफर से सतर्क रहें।

**अब 25 दिन से पहले नहीं मिलेगी...**
सरकारी अधिकारियों ने बताया कि देश में एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है और स्टॉक को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के उपाय के रूप में एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग का समय बढ़ा दिया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होने की आशंका से बुकिंग बढ़ने से मांग में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि औसतन परिवार एक वर्ष में 14.2 किलोग्राम के 7-8 एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते हैं और सामान्यतः उन्हें 6 सप्ताह से कम समय में सिलेंडर रिफिल कराने की आवश्यकता नहीं होती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की दरें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर होने के बावजूद फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल विपणन कंपनियां फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर कड़ी नजर रख रही है, लेकिन फिलहाल खुदरा ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। इसके अतिरिक्त, केंद्र ने सोमवार को संसद को सूचित किया गया कि भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण की कुल 74 दिनों की क्षमता है, जो भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में आपूर्ति में होने वाली रुकावटों से निपटने में सहायक हो सकती है।"

**होली में सप्लाई चेन हुआ था...**
बैठक में आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक (एलपीजी सेल्स), सीएससी के जिला नोडल अधिकारी तथा रांची जिले की सभी गैस एजेंसियों के प्रोप्राइटर शामिल हुए। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची रामगोपाल पांडेय भी उपस्थित रहे।

## e-Procurement Cell

**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**
**e-Procurement Notice**
(Short Notice)
**Tender Ref. No.-32/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 09.03.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Honourable Principal District Judge, Palamu Residence with fully sanitary fittings and electrification at daltonganj, Palamu. | 53,33,700 | 03 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-03-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25-03-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 28-03-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 374497 Building(25-26)D

## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित बैंक भवन को भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बाजार प्रांगण, नरसंडा शाखा द्वारा खाली कर दिया गया है, जिसे समिति द्वारा पुनः अन्य बैंको/सरकारी संस्थाओं को समिति के राजस्व हित में आवंटित किया जाना है। बैंक भवन का कुल क्षेत्रफल 1715 वर्गफीट है तथा किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रति वर्गफीट की दर से प्रतिमाह निर्धारित है साथ ही उक्त बैंक भवन कहीं-कहीं से क्षतिग्रस्त है जिसे आवंटी द्वारा अपने व्यय से मरम्मति कराना होगा।

यदि कोई भी इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान उक्त बैंक भवन का मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैसे बैंक/सरकारी संस्थानों से दिनांक – 17.03.2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जातें है।


इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान अपना-अपना आवेदन दिनांक-17.03.2026 तक बाजार समिति, डालटनगंज के कार्यालय में कार्यालय समयावधि में समर्पित कर सकते है। उक्त बैंक भवन के मरम्मति हेतु खर्च की गई राशि किसी भी स्वरूप में बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा वापस नहीं की जाएगी एवं उक्त खर्च की गई राशि पर कोई दावा भी मान्य नहीं होगा। प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त बैंक भवन के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति/पर्षद को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।


पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 374487 (District)25-26*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**





नाम-(1) सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, पिता-स्व0 गरीबा चन्द्रवंशी, 2. सीमा देवी, पति-सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, दोनों ग्राम-गरबांध, थाना-नगरउंटारी, जिला-गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप दोनों नगरउंटारी थाना काण्ड सं0-177/2019, दिनांक-07.08.2019 धारा-147, 149, 323, 452, 379, 504, भा0द0वि0 एवं परिवर्तित धारा-498ए, 34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप दोनों उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक-07.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक-28.02.2026 को आप दोनों के घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप दोनों अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आप दोनो को दिनांक-28.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप दोनों को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक-28.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 374409 (Police)25-26*D

## कार्यालय : राज्य-कर संयुक्त आयुक्त

**लोहरदगा अंचल, लोहरदगा**
**(व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

**सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड के नगरपालिका निर्वाचन हस्तपुस्तिका 2026 के अध्याय 16 के कंडिका 16.4 एवं 16.6 एवं लोहरदगा नगर परिषद् क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में अभ्यर्थियों के मूल व्यय-लेखा पंजी (Original Expenditure Register) को भरकर जमा करने हेतु तिथि निम्नवत् सुनिश्चित की गई है:-

| व्यय प्रेक्षक का नाम | दिनांक | विवरण | व्यय लेखा का जाँच स्थल |
|---|---|---|---|
| श्री संजय कुजूर, राज्य-कर-सहायक आयुक्त। | 12.03.2026 (गुरूवार) (मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक) | सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम | कार्यालयः- राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, लोहरदगा अंचल, लोहरदगा। |
| | 16.03.2026 (सोमवार) (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक) | मूल व्यय-लेखा पंजी जमा किया जाना | |

विश्वासभाजन
वरीय पदाधिकारी, व्यय अनुश्रवण कोषांग-सह-
पंचायती राज पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 374518 Lohardaga (25-26)_D

## कार्यालय :- नगर पंचायत, लातेहार

**बन्दोबस्ती आम सूचना (3rd Call)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक)** के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक- **23.03.2026** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **24.03.2026** को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशिकी राशि | वर्ष 2026-27 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कानी हाउस, लातेहार | 10800.00 | 10800.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 02 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 569900.00 | 569900.00 | 57000.00 | 1000.00 |
| 03 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डांक। | 10778.00 | 10778.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 04 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 266400.00 | 266400.00 | 26650.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले, न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 374516 Urban Development(25-26).D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-31/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 20.03.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 23.03.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of . Sealed tenders :- 23.03.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Ladies Common Room at 2nd Floor Civil Courts, Palamu. | 899600.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation of Server Room and One Vacant Court Room at Ground Floor Civil Courts, Palamu, Palamu. | 1646200.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Repair/Painting Works of Boundary Wall and Watch Tower in all four Direction of Civil Courts, Palamu at Daltonganj. | 928700.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation Work of SDO Residence Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 2495200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02Months |
| 5. | Renovation of Conference Hall, Green Room and Library at Second Floor Civil Courts, Palamu at Daltonganj. | 3929400.00 | 80000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Renovation and Roof Treatment of LRDC, Sadar Medininagar Office at Daltonganj, Palamu. | 1602300.00 | 32500.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।
- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचना परांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 374501 Building(25-26)#D

# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

## एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

**अहमदाबाद ।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।




**1. भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती :** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

**2. भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश :** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

**3. भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100+ छक्के लगाने वाली पहली टीम :** भारत एक टी-20 वर्ल्ड कप में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाए। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसने 2026 में ही 76 छक्के लगाए।


**4. भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया :** इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

**5. भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया :** अहमदाबाद में खेले गए 2026 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने 255 रन का विशाल स्कोर बनाया। यह टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। दूसरा स्थान भी भारत के नाम है, जिसने 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 176 रन बनाए थे। इसके बाद 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड का 172/4 और 2007 के फाइनल में भारत का 157/5 स्कोर शामिल है।

**6. भारत ने पावरप्ले में सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की :** भारत ने 2026 के फाइनल में पावरप्ले के 6 ओवर में 92 रन बनाए, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इस रिकॉर्ड में दूसरा स्थान भी 92 रन का है, जो वेस्टइंडीज ने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। इसके बाद नीदरलैंड्स का 91/1 और इंग्लैंड का 89/3 स्कोर आता है।

**7. भारत की सबसे बड़ी टी-20 वर्ल्ड कप जीत :** भारत ने 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत की सबसे बड़ी जीत 2026 में ही नामीबिया के खिलाफ 93 रन की थी, जबकि 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने 90 रन से जीत दर्ज की थी।

## कोच गंभीर ने जिम्बाब्वे मैच के लिए तैयार रहने को कहा था : संजू सैमसन




**अहमदाबाद ।** टीम इंडिया ने रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब को अपने नाम किया। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया। भारत की ऐतिहासिक जीत के नायक संजू सैमसन रहे। संजू ने फाइनल में भी 46 गेंदों में 89 रनों की दमदार पारी खेली। संजू ने बताया कि कोच गौतम गंभीर ने उन्हें कहा था कि वह जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले मैच के लिए तैयार रहें। संजू सैमसन ने खिताबी मुकाबले में मिली जीत के बाद जियोस्टार से कहा, "मैं जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से पहले जिम में कोच गौतम गंभीर से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला मुकाबला खेलने वाले हो।' मैं 100 प्रतिशत तैयार था। मेरे मन में मैंने कहा, हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था। संजू ने बताया कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह पाने के लिए अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं एक बात आपको बेहद ईमानदारी के साथ बताना चाहता हूं कि मुझे स्क्वॉड में अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करता हूं।" सैमसन ने कहा कि न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान वह हर वक्त बस यही सोच रहे थे कि वह टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि जब मैं टीम में जगह बनाने के लिए लड़ रहा था, तो मेरा प्रदर्शन बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा।

## जयपुर पोलो टीम ने सीजन का नौवां टाइटल जीता




**एजेंसी । जयपुर**

जयपुर पोलो टीम ने महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह की लीडरशिप में मशहूर एसएमएस गोल्ड वेस में जीत हासिल करते हुए इस सीजन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इस टीम ने एक करीबी मुकाबले वाले फाइनल में कृष्णा पोलो को 6-5.5 से हराकर सीजन का अपना नौवां टाइटल जीता। फाइनल एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों टीमों ने चकर्स पर एक-दूसरे के साथ मोमेंटम बदला। जयपुर ने अच्छी शुरुआत की, पहले चकर के आखिर में शुरुआती अटैकिंग प्रेशर के जरिए 2-1.5 की लीड हासिल की। कृष्णा पोलो ने दूसरे चकर में जवाब दिया, जिसमें विशाल सिंह राठौर ने लीड करते हुए अपनी टीम को हाफटाइम तक 3.5-3 की मामूली बढ़त दिलाई। जयपुर ने तीसरे चकर में गियर बदलते हुए पजेशन वापस पा लिया और स्कोरिंग के मौकों का फायदा उठाया। एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने क्लिनिकल फिनिशिंग के साथ अटैक को लीड किया, जिससे टीम 5-3.5 से आगे हो गई। कृष्णा पोलो ने आखिरी चकर में विशाल सिंह राठौर और सिद्धांत सिंह के गोल की मदद से कड़ी चुनौती दी। हालांकि, जयपुर ने आखिरी स्टेज में भी अपना डिफेंस बनाए रखा और गेम को अच्छे से मैनेज करते हुए 6-5.5 से जीत हासिल की और एसएमएस गोल्ड वेस जीता।

## एएफसी महिला एशियन कप में चीनी ताइपे के खिलाफ 'फाइनल' के लिए तैयार भारत

**एजेंसी । सिडनी**

भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के ग्रुप-सी के अपने तीसरे और अंतिम मुकाबले में चीनी ताइपे से भिड़ने के लिए तैयार है। यह मैच 10 मार्च को सिडनी के वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे स्थान पर है। टीम को वियतनाम के खिलाफ 1-2 और जापान के खिलाफ 0-11 से हार का सामना करना पड़ा। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, ब्लू टाइग्रेस के पास अभी भी क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने का मौका है। इसके लिए भारत को चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही जापान को वियतनाम के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। एक गोल के अंतर से जीत भी भारत के लिए पर्याप्त हो सकती है, बशर्ते सोमवार को बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान के बीच खेला गया मैच ड्रॉ पर खत्म हो। तीनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान की टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। भारत की मुख्य कोच अमेलिया वालवर्डे ने पिछले दो मैचों के परिणामों को पीछे छोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## प्रियंका गोस्वामी ने रेस वॉक में बनाई भारत की मजबूत पहचान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रेस वॉक एक ऐसी ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता है जिसमें धावक दौड़ने के बजाय बहुत तेजी से



पैदल चलते हैं। इस खेल में भारत की प्रियंका गोस्वामी ने बड़ा नाम बनाया है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को पदक दिलाया है। प्रियंका गोस्वामी का जन्म 10 मार्च 1996 को मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। एक निम्न-मध्यवर्गीय परिवार से होने के कारण उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा। एथलेटिक्स में आने से पहले गोस्वामी ने कुछ महीनों तक स्कूल में जिमनास्टिक की प्रैक्टिस की। वह दौड़ने की तरफ भी इसलिए आकर्षित हुईं क्योंकि सफल धावक को इनाम के तौर पर बैग मिलते थे। प्रियंका ने 2017 में इंडियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप का खिताब जीता था। फरवरी 2021 में, उन्होंने 20 किमी की रेस में इंडियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप जीती, जिसमें उन्होंने 1:28.45 का नया इंडियन रिकॉर्ड बनाया, और 2020 समर ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाई किया। गोस्वामी ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। टोक्यो में वह 17वें, जबकि पेरिस में 41वें स्थान पर रही थीं। प्रियंका गोस्वामी ने 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 किलोमीटर 'रेस वॉक' में रजत पदक जीता था। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली वह पहली भारतीय महिला एथलीट बनीं थीं। 2023 में बैंकॉक में हुए 20 किलोमीटर वॉक में रजत पदक जीता था, जबकि विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 2021 में 20 किलोमीटर वॉक में कांस्य पदक जीता था। 2025 में इंसब्रुक में आयोजित ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में भारतीय रेसवॉकरों ने सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसमें प्रियंका गोस्वामी ने 47:54 के समय के साथ महिलाओं की 10 किमी दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। प्रियंका ने स्लोवाकिया के डुडिंस्का 50 में महिलाओं की 35 किमी रेस वॉक में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के दूसरे दिन राधामणि और साहिल की जीत

**बैंकॉक ।** इंडियन यूथ बॉक्सिंग टीम ने बैंकॉक में वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना कैंपेन जारी रखा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मिले-जुले नतीजे देखने को मिले, जिसमें राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। राधामणि लोंगजाम ने महिलाओं की 57 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) से अपनी उज्बेकिस्तान की प्रतिद्वंद्वी को हराया। पुरुषों के डिवीजन में, साहिल दुहान (60 किलोग्राम) ने तुर्कमेनिस्तान पर 5-0 के एकमत फैसले से शानदार जीत के साथ अपना शानदार परफॉर्मेंस जारी रखा। इस बीच, उधम सिंह (55 किलोग्राम) ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक करीबी मुकाबले में जापान से 3-2 से हार गए। 8 से 15 मार्च तक बैंकॉक में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में दुनिया भर के कुछ सबसे होनहार युवा बॉक्सर यूथ ओलंपिक वेट क्लास में मुकाबला करते हुए कीमती अंतरराष्ट्रीय अनुभव देंगे। भारतीय युवा बॉक्सरों ने पिछले साल बहरीन में हुए तीसरे एशियन यूथ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 7 मेडल जीते थे। इनमें चार गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल था।

## पटना में अस्मिता वीमेंस रोड साइक्लिंग लीग में झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण और तीन रजत पदक

**एजेंसी । नई दिल्ली**




पटना में आयोजित अस्मिता महिला रोड साइक्लिंग लीग – पूर्वी क्षेत्र प्रतियोगिता में झारखंड की महिला साइक्लिस्टों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर कुल 16 अंकों के साथ उपविजेता (रनर-अप) स्थान हासिल किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 7–8 मार्च 2026 को जेपी गंगा पथ, पटना में आयोजित की गई। इसका आयोजन स्पोर्ट्स ऑथोरीटी आफ इंडिया और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से तथा साईकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में साईकलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के सात राज्यों की महिला साइक्लिस्टों ने हिस्सा लिया। कुल 22 अंकों के साथ बिहार ओवरऑल विजेता बना, जबकि झारखंड 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में झारखंड की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। वूमेन लाइट रेसिंग साइकिल वर्ग में राज्य की प्रतिभाशाली साइक्लिस्ट लक्ष्मी कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंडिब्युजअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और रोड रेस में रजत पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। वहीं विमेंस जूनियर इंडियन साइकिल वर्ग में शांति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोड रेस में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा विमेंस सब-जूनियर रेसिंग साइकिल वर्ग में पिंकी कुमारी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इनडिब्यूजल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक और रोड रेस में रजत पदक अपने नाम किया। झारखंड की महिला खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से राज्य के खेल जगत में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और खेल अधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




# वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का भारत पर कोई खास असर नहीं : सीतारमण

**एजेंसी । नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का भारत में महंगाई की दर पर प्रभाव फिलहाल अधिक नहीं माना जा रहा है, क्योंकि देश की महंगाई "निम्नतम सीमा" के करीब है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की कीमत पिछले एक वर्ष से लगातार गिर रही थी, जब तक 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संघर्ष शुरू नहीं हुए थे। सीतारमण ने कहा, "फरवरी के अंत से लेकर 2 मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत (भारतीय बास्केट) 69.01 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में महंगाई अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण होने का अनुमान नहीं है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हो रही है। अब यह युद्ध मध्य पूर्व क्षेत्र में भी फैल गया है, क्योंकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरबीआई की अक्टूबर 2025 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि यदि कच्चे तेल की कीमतें आधारभूत अनुमानों से 10 प्रतिशत अधिक होती हैं, और घरेलू कीमतों पर इसका पूरा प्रभाव पड़ता है, तो महंगाई 30 आधार अंक तक बढ़ सकती है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर मध्यम अवधि का प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें विनिमय दर में उतार-चढ़ाव, वैश्विक मांग और आपूर्ति की स्थिति, मौद्रिक नीति का संचरण, सामान्य मुद्रास्फीति की स्थिति और अप्रत्यक्ष प्रभाव की सीमा शामिल हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई औसत खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई) 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.6 प्रतिशत और 2025-26 (अप्रैल-जनवरी) में और घटकर 1.8 प्रतिशत हो गई।

## कच्चे तेल में तेजी से धड़ाम हुए एविएशन स्टॉक्स, स्पाइसजेट 6.5 प्रतिशत से अधिक फिसला




**मुंबई ।** कच्चे तेल में तेजी के कारण सोमवार को एविएशन शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली और इंडिगो एवं स्पाइटजेट के शेयर करीब 6.5 प्रतिशत तक फिसल गए। कारोबारी सत्र के अंत में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो, जो कि इंटरग्लोबल एविएशन नाम से लिस्टेड है, के शेयर 3.47 प्रतिशत गिरकर 4,251.20 रुपए पर बंद हुए। दिन के दौरान शेयर ने 4,255 का उच्चतम स्तर और 4,035 का न्यूनतम स्तर छुआ। वहीं, स्पाइसजेट का शेयर 6.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.07 रुपए पर बंद हुआ। दिन के दौरान शेयर ने 13.40 का उच्चतम स्तर और 12.85 का न्यूनतम स्तर छुआ। एनएसई पर एसएमई श्रेणी में लिस्टेड फ्लाईएसबीएस एविएशन के शेयर लगभग 5 प्रतिशत गिरकर 433.35 रुपए पर बंद हुए। इसके विपरीत, निजी हेलीकॉप्टर ऑपरेटर ग्लोबल वेक्ट्रा हेलीकॉर्प के शेयर बीएसई पर बढ़कर 158 रुपए पर बंद हुए।

## आरबीआई स्विच ऑक्शन में सरकार ने खरीदी 6,309 करोड़ रुकी जी-सिक्योरिटीज

**एजेंसी । मुंबई**

सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित एक स्विच ऑक्शन के माध्यम से 6,309 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सिक्योरिटीज) को वापस खरीद लिया है, इससे निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बांडों को लंबी अवधि की प्रतिभूतियों से बदल दिया गया है ताकि अपने पुनर्भुगतान दायित्वों को अधिक सुचारू रूप से प्रबंधित किया जा सके। सरकारी प्रतिभूतियां, जिन्हें आमतौर पर जी-सिक्योरिटीज के नाम से जाना जाता है, सरकार द्वारा धन जुटाने के लिए जारी किए गए ऋण साधन हैं। ये साधन कम जोखिम वाले माने जाते हैं क्योंकि इन्हें सरकार की गारंटी प्राप्त होती है और ये आमतौर पर निवेशकों को निश्चित रिटर्न प्रदान करते हैं। नीलामी के दौरान खरीदे गए बॉन्ड अगले वित्तीय वर्ष में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा थे।

## भू-राजनीतिक तनावों के बीच साइबर सुरक्षा को मजबूत करें कंपनियां : नैसकॉम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईटी इंडस्ट्री के बड़े निकायों में से एक नैसकॉम ने सोमवार को सदस्य कंपनियों को एक सलाह जारी करते हुए मध्य पूर्व में विकसित हो रही भू-राजनीतिक स्थिति के चलते साइबर सुरक्षा ढांचे में सतर्कता बढ़ने और परिचालन को मजबूत करने के लिए कहा। नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक गतिविधियां स्थिर बनी हुई हैं, कंपनियां स्थिति बिगड़ने की स्थिति में संभावित व्यवधानों को कम करने के लिए आकस्मिक योजनाओं की समीक्षा कर रही हैं और लचीलेपन के उपायों को मजबूत कर रही हैं। वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित देशों से जुड़े अपने परिचालनों के लिए व्यावसायिक निरंतरता योजनाओं को सक्रिय करना या उनकी समीक्षा करना शुरू कर दिया है। संगठन कर्मचारियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं, प्रभावित क्षेत्रों में स्थित कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की व्यवस्था कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर हो रहे घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## सेंसेक्स 1352 अंक गिरकर बंद, निवेशकों के 8 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी । मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,566.16 और निफ्टी 422.40 अंक या 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,028.05 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का नेतृत्व ऑटो और बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो 4.10 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक 3.97 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल 2.81 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक 2.78 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 2.60 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 2.39 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.37 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 2.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी आईटी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,127.85 अंक या 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,265.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 366.70 अंक या 2.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,132.20 पर था। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाले इंडिया विक्स में भी सत्र के दौरान उछाल देखा गया और यह 17.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 23.36 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एमएंडएम, एसबीआई, इंडिगो, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, पावर ग्रिड और बजाज फाइनेंस लूजर्स थे।